● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 327, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरूवार, 16 जनवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



बच्चों की सुरक्षा पर न हो राजनीतिः बांसुरी 5

दिल्ली के रणजी ट्रॉफी मैच खेलेंगे पंत 6

## भारत एक प्रमुख समुद्री शक्ति बन रहा है : पीएम

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और आईएनएस वाघशीर को बुधवार को नौसेना की गोदी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में बल में शामिल किया गया। नौसेना ने तीनों बड़े युद्धपोतों के शामिल होने को एक ऐतिहासिक अवसर करार दिया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत एक प्रमुख समुद्री शक्ति बन रहा है। भारत को विश्व में, विशेषकर ग्लोबल साउथ में एक विश्वसनीय और जिम्मेदार साझेदार के रूप में मान्यता मिल रही है। भारत विस्तारवाद के लिए नहीं, विकास के लिए काम कर रहा है। भारत ने हमेशा एक मुक्त, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है।

इससे पहले पीएम मोदी ने कहा कि 15 जनवरी के दिन को सेना दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले प्रत्येक जांबाज को मैं नमन करता हूं। मां भारती की रक्षा में जुटे हर वीर-वीरांगना को मैं बधाई देता हूं। आज भारत की समुद्री विरासत नेवी के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए भी बहुत बड़ा दिन है।

उन्होंने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज ने नौसेना को नया सामर्थ्य और विजन दिया था। आज उनकी इस पावन धरती पर 21वीं सदी की नेवी को सशक्त करने की तरफ हम एक बड़ा कदम उठा रहे हैं। ये पहली बार हो रहा है, जब एक डिस्ट्रॉयर, एक फ्रिगेट और एक सबमरीन को एक साथ कमीशन किया जा रहा है। गर्व की बात कि ये तीनों मेड इन इंडिया हैं।



पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत पूरे विश्व और खासकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। भारत विस्तारवाद नहीं, भारत विकासवाद की भावना से काम करता है। 21वीं सदी के भारत का सैन्य सामर्थ्य भी अधिक सक्षम और आधुनिक हो, ये देश की प्राथमिकताओं में से एक है। जल हो, थल हो, नभ हो, समुद्र की गहराई हो या फिर असीम अंतरिक्ष हर जगह भारत अपने हितों को सुरक्षित कर रहा है। इसके लिए निरंतर रिफॉर्म किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का तीसरा कार्यकाल अनेक बड़े निर्णयों के साथ शुरू हुआ है। तेज गति से हमने नई नीतियां बनाई हैं, देश की जरूरतों को देखते हुए हमने नए कार्य शुरू किए हैं, देश के हर कोने, हर सेक्टर का विकास हो, इस लक्ष्य के साथ हम चल रहे हैं। भारत वैश्विक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और भू-राजनीतिक परिदृश्य को दिशा देने में प्रमुख भूमिका निभाने जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तटीय समुद्री क्षेत्र, नौवहन की स्वतंत्रता और सुरक्षित व्यापार आपूर्ति लाइनों एवं समुद्री मार्गों की रक्षा करना महत्वपूर्ण है। हमें समुद्र को नशीले पदार्थों, हथियारों और आतंकवाद से बचाने में वैश्विक साझेदार बनना चाहिए और इसे सुरक्षित एवं समृद्ध बनाना चाहिए। आईएनएस सूरत 15बी श्रेणी के गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर प्रोजेक्ट का चौथा और अंतिम जहाज है। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे परिष्कृत विध्वंसक जहाजों में शुमार है। इसमें 75 फीसदी स्वदेशी सामग्री है, जो अत्याधुनिक हथियार, सेंसर पैकेज और उन्नत नेटवर्क-केंद्रित क्षमताओं से लैस है। आईएनएस नीलगिरी 17ए स्टील्थ फ्रिगेट प्रोजेक्ट का पहला जहाज है। इसे भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है। इसे बढ़ी हुई क्षमता, समुद्र में लंबे समय तक रहने व स्टील्थयुक्त उन्नत सुविधाओं के साथ नौसेना में शामिल किया गया है। यह स्वदेशी फ्रिगेट की अगली पीढ़ी को दर्शाता है। आईएनएस वाघशीर पी75 स्कॉर्पीन परियोजना की छठी और अंतिम पनडुब्बी है। आईएनएस वाघशीर पनडुब्बी निर्माण में भारत की बढ़ती विशेषज्ञता का प्रतिनिधित्व करती है। इसका निर्माण फ्रांस के नौसेना समूह के सहयोग से किया गया है।

## राष्ट्र की संप्रभुता के लिए सेना की अटूट प्रतिबद्धता प्रेरक : राष्ट्रपति

नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सेना दिवस पर भारतीय सेना के कर्मियों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने कहा कि देश की संप्रभुता की रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने की उनकी अटूट प्रतिबद्धता सभी के लिए प्रेरणा का काम करती है।

राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मातृभूमि की सेवा में आपके द्वारा दिए गए अनगिनत बलिदानों को राष्ट्र कृतज्ञता से याद करता है। सेना दिवस पर मैं भारतीय सेना के कर्मियों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं देता हूं। राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आपकी अटूट प्रतिबद्धता सभी के लिए प्रेरक है।



राष्ट्रपति ने कहा कि संकट और आपदाओं के दौरान सेना द्वारा किया गया मानवीय कार्य उनकी दयालुता और करुणा का प्रमाण है। आपकी असाधारण वीरता और साहस आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार सशस्त्र बलों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज, सेना दिवस पर, हम भारतीय सेना के अटूट साहस को सलाम करते हैं, जो हमारे देश की सुरक्षा के प्रहरी के रूप में खड़ी है। हम उन बहादुरों के बलिदान को भी याद करते हैं जो हर दिन करोड़ों भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सशस्त्र बलों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इन वर्षों में, हमने कई सुधार किए हैं और आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया है। यह आने वाले समय में भी जारी रहेगा।

1949 में आज ही के दिन भारत के अंतिम ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ जनरल फ्रांसिस बुचर के स्थान पर तत्कालीन लेफ्टिनेंट जनरल के एम करियप्पा भारतीय सेना के कमांडर इन चीफ बने थे। इसीलिए हर साल 15 जनवरी को सेना दिवस मनाया जाता है। करियप्पा बाद में फील्ड मार्शल बने थे।

## केजरीवाल पर मुकदमा चलाने की मंजूरी

### शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एमएचए की हरी झंडी

**नई दिल्ली।** शराब घोटाले मामले में गृह मंत्रालय ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी गई है। इससे पहले बीते साल नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि लोकसेवक के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए प्राधिकरण से मंजूरी लेनी होगी। ईडी ने शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल को मास्टरमाइंड और किंगपिन बताया था। संघीय एजेंसी ने केजरीवाल



को पिछले साल मार्च में गिरफ्तार करने के बाद यहां विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष उनके खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। इस मामले में फिलहाल जमानत पर बाहर केजरीवाल यहां नयी दिल्ली सीट से दिल्ली का विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि गृह मंत्रालय (एमएचए) ने हाल में दिल्ली आबकारी नीति मामले में केजरीवाल पर धन शोधन निरोधक कानून के तहत मुकदमा चलाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय को आवश्यक मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल के माध्यम से एजेंसी द्वारा यह अनुरोध किया गया था और इस अनुरोध को मंजूरी देने के लिए मंत्रालय सक्षम प्राधिकार है। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित अन्य आरोपी लोक सेवकों के लिए भी इसी प्रकार की मंजूरी प्राप्त की गई है।

## निर्माणाधीन कुएं में धंसे तीनों मजदूरों की मौत

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा में एक निर्माणाधीन कुएं के धंसने से तीन मजदूर मलबे में दब गए, 22 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में तीनों को नहीं बचाया जा सका। करीब 22 घंटे तक चले रेस्क्यू के बाद एनडीआरएफ की टीम ने उनके शव कुएं से निकाले। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंपे जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मजदूरों की मौत पर दुख जताया है। उनके परिजन को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की बात भी कही है। छिंदवाड़ा जिले अंतर्गत ग्राम खूनाझिरखुर्द में निजी जमीन पर पुराने कुएं के गहरीकरण के दौरान मिट्टी धंसने से हुई दुर्घटना में 3 मजदूरों की असामयिक मृत्यु का दुखद समाचार प्राप्त हुआ है।

## सोनिया गांधी ने किया कांग्रेस के नए मुख्यालय का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी के अन्य प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में नए पार्टी मुख्यालय का उद्घाटन किया। पिछले करीब पांच दशक से पार्टी का मुख्यालय '24 अकबर रोड' था। अब मुख्य विपक्षी दल का नया मुख्यालय '9ए कोटला मार्ग' पर बनाया गया है।

सोनिया गांधी ने फीता काटकर नए भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद थे। इससे पहले, कांग्रेस मुख्यालय के प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया और नेताओं ने राष्ट्रीय गीत, राष्ट्र गान



और विजयी विश्व तिरंगा प्यारा.. गाया।

पार्टी के उद्घाटन कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी मौजूद थे। इसके अलावा कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य, स्थायी और विशेष आमंत्रित सदस्य, कांग्रेस संसदीय दल के पदाधिकारी, पार्टी के कई पदाधिकारी, केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख, विभिन्न राज्यों के पार्टी के विधायक दल के नेता, सांसद, कई राज्यों के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। इंदिरा भवन को पार्टी और उसके नेताओं की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, जिसमें प्रशासनिक, संगठनात्मक और रणनीतिक कार्यों में सहयोग करने के लिए आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। कांग्रेस के इस नए मुख्यालय का काम पिछले कई वर्षों से जारी था। कांग्रेस 24, अकबर रोड को फिलहाल खाली नहीं करेगी, जो 1978 में कांग्रेस (आई) के गठन के बाद से इसका मुख्यालय था।

## कांग्रेस ने देश विरोधी ताकतों को बढ़ावा दियाः नड्डा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लड़ाई भाजपा ही नहीं हर भारतीय राज्य से वाले बयान को लेकर सियासत शुरू हो गई है। भाजपा ने राहुल गांधी पर पलटवार किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास रहा है कि उसने देश को कमजोर करने वाली ताकतों को बढ़ावा दिया है। जेपी नड्डा ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि कांग्रेस का घिनौनी सच किसी से छिपा नहीं है। अब उनके अपने नेता ने ही इसका पर्दाफाश कर दिया है। मैं राहुल गांधी की सराहना करता हूं कि उन्होंने वह बात साफ-साफ कही जो देश जानता है कि वह भारतीय राज्य से लड़ रहे हैं।

## राहुल गांधी का आएसएस प्रमुख पर हमला

### कहा- मोहन भागवत ने किया संविधान का अपमान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मोहन भागवत ने संविधान पर हमला किया। यह देशद्रोह और संविधान का अपमान है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का कर्तव्य है कि वह पारदर्शिता के साथ चुनाव कराए। आयोग का दायित्व है कि वह हमें महाराष्ट्र, हरियाणा चुनावों का डाटा दे, लेकिन वे हमें डाटा देने से इनकार कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि कल मोहन भागवत ने कहा कि संविधान हमारी स्वतंत्रता का प्रतीक नहीं है। लेकिन इसके बाद भी पंजाब, कश्मीर, पूर्वोत्तर में हमारे हजारों कार्यकर्ता मारे गए। मगर कांग्रेस फिर भी कुछ खास मूल्यों के लिए खड़ी रही है। हम इस इमारत में उन मूल्यों को देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिमी दुनिया स्वयं से बाहर पर ध्यान केंद्रित करती है, जबकि भारतीय सोच का तरीका स्वयं को समझने के बारे में है। भारत में भी स्वयं के बारे में दो दृष्टिकोण हैं, जो संघर्ष है।

## भारत अगले दो महीनों में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल करेगाः गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि भारत अगले दो महीनों में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण का अपना लक्ष्य हासिल कर लेगा। पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने की प्रथा 2001 में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हुई थी। उन्होंने बताया कि ई-20 के उपयोग से प्रदुषण कर करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी और हुंडई मोटर्स ने ऐसे वाहनों का निर्माण शुरू कर दिया है जो 100 प्रतिशत बायो-एथेनॉल पर



चलते हैं। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नितिन गडकरी ने कहा, हम अगले दो महीनों में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण (ई20) के इस लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। ई20 के उपयोग से प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी। इस देश में प्रदुषण एक गंभीर मुद्दा है, क्योंकि दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में 42 भारतीय शहर शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा, हम 22 लाख करोड़ रुपये का जीवाश्म ईंधन आयात करते हैं, जिससे प्रदूषण भी हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2023 में 20 प्रतिशत इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल लॉन्च किया था। पहले चरण में 15 शहरों को कवर किया गया है। गन्ने के साथ साथ टूटे हुए चावल और अन्य कृषि उपज से निकाले गए इथेनॉल के उपयोग से भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता को विदेशी शिपमेंट पर अपनी निर्भरता कम करने में मदद मिलेगा। भारत अपनी तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए 85 प्रतिशत आयात पर निर्भर है।

ई20 के उपयोग से ई0 (साफ पेट्रोल) की तुलना में दोपहिया वाहनों में कार्बन मोनोऑक्साइड उत्सर्जन में लगभग 50 प्रतिशत और चार पहिया वाहनों में लगभग 30 फीसदी की कमी आती है। औसत 10 प्रतिशत मिश्रण प्राप्त करने का लक्ष्य नवंबर 2022 की लक्ष्य तिथि से काफी पहले जून 2022 में हासिल किया गया था।

## भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा की मुश्किलें बढ़ी

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में भाजपा के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है। चुनाव आयोग ने दिल्ली पुलिस को प्रवेश वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए पत्र लिखा है। दिल्ली पुलिस ने चुनाव आयोग की चिट्ठी मिलने के बाद प्रवेश वर्मा के खिलाफ जूते बांटने के मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। जानकारी के मुताबिक, नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) ने पुलिस को लोगों को जूते बांटकर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में परवेश वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी को पत्र लिखा था। प्रवेश वर्मा को वाल्मीकि मंदिर परिसर में लोगों को जूते बांटते हुए देखा गया था। महिला मतदाताओं को जूते बांटते हुए कथित तौर पर दिखाए जाने वाले दो वीडियो सामने आए थे।

## पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक कवासी लखमा गिरफ्तार

**रायपुर।** ईडी ने शराब घोटाले में छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री और मौजूदा कांग्रेस विधायक कवासी लखमा को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित दो हजार करोड़ के शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने आज तीसरी बार पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश लखमा को पूछताछ के लिए बुलाया था। पूछताछ के बाद ईडी ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री रहे और वर्तमान में कांग्रेस विधायक कवासी लखमा और उनके बेटे के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी। धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत कुल सात ठिकानों पर छापेमारी की गई थी।

## प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाने गरीब कल्याण मिशन के क्रियान्वयन की स्वीकृति

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। प्रदेश को वर्ष 2028 तक गरीबी मुक्त बनाने का महत्वाकांक्षी निर्णायक कदम उठाते हुए मंत्रि-परिषद ने गरीब कल्याण मिशन के क्रियान्वयन की स्वीकृति दी। मिशन का उद्देश्य राज्य के गरीब और वंचित वर्गों का आर्थिक उत्थान करते हुये उनकी आय को न्यूनतम आय के स्तर तक लाना है। गरीब कल्याण मिशन संयुक्त रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से क्रियान्वित किया जायेगा। गरीब कल्याण मिशन मुख्यतः तीन घटकों यथा बहु-आयामी गरीबी इण्डेक्स में सुधार, आजीविका सुदृढ़ीकरण और विद्यमान संगठनों के सशक्तिकरण पर केन्द्रित है। बहु आयामी गरीबी इण्डेक्स के मुख्य बिन्दु महिलाओं और बच्चों का पोषण सुनिश्चित करना, शिशु मृत्यु दर कम करना, गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य सुनिश्चित करना, माध्यमिक शिक्षा सुनिश्चित करना, माध्यमिक कक्षा तक के छात्रों की स्कूल में उपस्थिति, भोजन पकाने के लिए समुचित ईंधन उपलब्धता, स्वच्छता, पेयजल उपलब्धता, विद्युत कनेक्शन, आवास निर्माण, परिवारों के पास संसाधन उपलब्धता, बैंक खाता की उपलब्धता के साथ वित्तीय समावेश में सुधार किया जायेगा।

## मप्र में हर गरीब को पक्का मकान का संकल्प पूरा होगाः डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि हर गरीब को पक्का मकान मिले। पूरे देश में अभी तक 4 करोड़ गरीबों को पक्के मकान दिलवाए जा चुके हैं। मध्यप्रदेश में पुराने सर्वे के अनुसार 16 लाख हितग्राहियों को पक्के मकान उपलब्ध कराने हैं, आज मध्यप्रदेश को 8.5 लाख नए आवास मिले हैं। इसके बाद पुनः सर्वे कराया जाएगा, कोई भी गरीब पक्के मकान के बिना नहीं रहेगा। मध्यप्रदेश में हर गरीब को पक्का मकान उपलब्ध कराने का संकल्प पूरा होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को विदिशा में फ्रप्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नवीन लक्ष्य का



आवंटन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को सांकेतिक रूप से गृह प्रवेश कराया और लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने क्षेत्र के लिए 177 करोड़ 53 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर केंद्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हमारा एक ही ध्येय है विकास, विकास और विकास। हम इसकी प्राप्ति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। आने वाले 4 वर्षों में प्रदेश के बजट को दोगुना कर दिया जाएगा। हर क्षेत्र का विकास होगा। हर गरीब को पक्का मकान सहित सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्रदेश में गरीब, महिला, युवा और किसानों के लिए विशेष मिशन चलाए जा रहे हैं। सभी का कल्याण हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में दो बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाओं केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) तथा अन्य सिंचाई परियोजनाओं से सिंचाई के रकबे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वर्ष-2003 में जो 7 लाख हेक्टेयर ही था, अब बढ़कर 48 लाख हेक्टेयर से अधिक हो गया है। हर एक खेत को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। उन्होंने किसानों से कहा कि कुछ समय बाद हम कृषि उत्पादन में पंजाब और हरियाणा को भी पीछे छोड़ेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगामी समय में विदिशा क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। भोपाल, विदिशा, रायसेन और सीहोर को मिलाकर वृहद राजधानी परियोजना बनाई जा रही है। इसके लिए मास्टर प्लान शीघ्र ही तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न घोषणाएं की।

# भाजपा जिलाध्यक्ष बने सुदंर शाह, पार्टी मे मचा घमासान

## दो दशक से भाजपा के लिए कर रहे काम,कई पदों पर रहकर संभाली जिम्मेदारी

**सिंगरौली।** काफी लंबे समय से भाजपा में जिलाध्यक्ष बनाए जाने को लेकर कसमकस चल रही थी। आखिरकार हाई कमान ने सिंगरौली में भाजपा जिलाध्यक्ष के लिए सुंदरलाल शाह को जिलाध्यक्ष बनाया है। दो दशक से भाजपा के लिए काम कर रहे हैं और कई पदो पर रहकर बखूबी पार्टी की जिम्मेदारी संभाली। आखिरकार हाइकमान ने जिलाध्यक्ष की ताजपोशी की। लेकिन ताजपोशी के वाद पार्टी मे अब घमासान मच गया है।

गौरतलब हो कि भाजपा जिलाध्यक्ष की रायसुमारी विगत दिसंबर 2024 से चल रही है। भोपाल से लेकर दिल्ली तक दर्जनो नाम सिंगरौली से रायसुमारी के बाद गए थे। जहां काफी अंतराल होने के चलते जो कयाश लगाए जा रहे थे कि तीन नामों पर सहमति बनेगी। लेकिन तीनो नाम लिस्ट से बाहर थे। सिंगरौली में भाजपा जिलाध्यक्ष बनाए जाने को लेकर कयास लगाए जा रहे थे कि ब्राम्हण,वैश्य



पर पार्टी निर्णय ले सकती है। इसी की चर्चा जोरो शोरो से थी। लेकिन पार्टी हाइकमान ने ऐसा झटका दिया कि पार्टी के लोग भौचक्के रह गए। रहे भी क्यों न क्योंकि सुंदरलाल शाह के नाम की चर्चा कहीं नही थी। लेकिन भाजपा से जुड़े लोग बताते हैं कि सिंगरौली से जो रायसुमारी के बाद जिलाध्यक्ष बनाए जाने को लेकर सूची गई थी उस पर सहमत नही बन रही थी। जिसके चलते सुदंरलाल शाह को पार्टी ने जिलाध्यक्ष बनाने की मंजूरी दी। इधर यह भी बात सामने आ रही है कि विधायको ने काफी पार्टी पर दबाव बनाया कि सुदंरलाल शाह को जिलाध्यक्ष बनाया जाए और पार्टी ने विधायक के ही सहमति को स्वीकार किया।

### दो दशक का राजनीतिक कैरियर

सुदंरलाल शाह के राजनीतिक कैरियर की बात करें तो लगभग 20 वर्षो से भाजपा के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। बताया जाता है कि सुंदर लाल शाह को भाजपा ने 2011 में मंडल उपाध्यक्ष बनाया था। इसके बाद 2013 में मंडल महामंत्री बने। फिर 2015-16 में मंडल अध्यक्ष रहे। इसके बाद वर्ष 2017-18 में जिला उपाध्यक्ष रहे। फिर जिला महामंत्री की भी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। साथ ही व्यापार प्रकोष्ठ से जुड़े रहे। इनकी पार्टी के प्रति कर्मठ भाव के बदौलत ही हाईकमान ने जिलाध्यक्ष कही ताजपोशी देकर नमाजा है।

### वर्ग विशेष पर टिकी भाजपा

भाजपा ने सुंदरलाल शाह को जिलाध्यक्ष बनाया। जिलाध्यक्ष बनने के बाद सोशल मीडिया के साथ-साथ गली चौराहों और पान की गुमटियों के साथ चाय की चुस्किया लेते लोग यही कह रहे हैं कि भाजपा वर्ग सिंगरौली में वर्ग विशेष पर टिक गई है। कहा जा रहा है कि सिंगरौली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने रामनिवास शाह को विधानसभा का टिकट देकर विधायक बनाया। साथ ही सीड़ा की जिम्मेदारी दिलीप शाह को दी गई। अब सुदंर लाल शाह को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। ऐसे में आवाज उठना तो लाजमी है।

### अब तक छः लोगों को जिलाध्यक्ष का मिला मौका

इधर बता दें कि भाजपा कार्यालय सिंगरौली से मिली जानकारी के अनुसार सिंगरौली भाजपा जिलाध्यक्ष के लिए 2004 से 2007 तक कांत शीर्ष देव सिंह,2007 से 2010 तक गिरीश द्विवेदी,2010 से 2012 तक रामसुमिरन गुप्ता,2012 से 2015 रामनिवास शाह,2015 से 2019 तक कांत शीर्ष देव सिंह, 2019 से 2022 तक बीरेन्द्र गोयल, 2022 से 2025 रामसुमिरन गुप्ता और 2025 में सुंदरलाल शाह को पार्टी ने जिलाध्यक्ष का मौका दिया है।

# अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा खिचड़ी भोज का हुआ आयोजन

**सिंगरौली।** मकर संक्रांति के उपलक्ष पर अंतर्राष्ट्रीय मानवाअधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा मोरवा में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। संगठन द्वारा बीते 10 दिसंबर से मकर संक्रांति तक क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण के साथ गरीब लोगों को अंगवस्त्र प्रदान किए गए। करीब 1 महीने तक चले इस वृहद कार्यक्रम में मोरवा समेत आसपास के झुग्गी झोपड़ी में एवं सार्वजनिक स्थलों पर विचरण करने एवं सोने वाले गरीब लोगों को मानवाधिकार संगठन के लोगों द्वारा राहत पहुंचाई गई। इसी के समापन समारोह के तौर पर मकर संक्रांति के ठीक बाद गंगोत्री होटल के प्रांगण में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अमित तिवारी द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया था। जहां सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग पहुँचे। इस दौरान संगठन से सत्येंद्र पासवान, हरिंदर राय, पुरुषोत्तम अग्रवाल, राहुल सिंह, विवेक श्रीवास्तव आदि लोगों की उलेखनीय भूमिका रही।

# नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का गर्मजोशी के साथ हुआ जगह-जगह स्वागत

## शहर में निकाली गई रैली,पार्टी कार्यालय में हुआ स्वागत समारोह

**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली जिलाध्यक्ष सुदंरलाल शाह के नामों की घोषणा होने के बाद सोशल मीडिया पर बधाई का दौर थमने का नाम नही ले रहा था। वहीं आज बुधवार को जिला मुख्यालय बैढन् में विशाल रैली निकाली गई। जहां नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का जगह-जगह स्वागत किया गया। वहीं पार्टी कार्यालय में भी गर्मजोशी के साथ स्वागत समारोह आयोजित किया गया था।

इधर बता दें कि सुदंर लाल शाह को जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद सिंगरौली शहर से लेकर गावं तक के लोगो के साथ पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता जिला मुख्यालय बैढन् पहुंचे। जहां नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सबसे पहले शिव मंदिर पहुंच आशीर्वाद लिया। इसके बाद शहर के तुलसी मार्ग,मल्हार पार्क,बस स्टैण्ड सहित कई इलाको में स्वागत रैली निकाली गई। जहां जगह-जगह स्वागत अभिनंदन किया गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के साथ सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह,देवसर विधायक राजेन्द्र



मेश्राम,नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष कमलेश वैश्य सहित भाजपा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके बाद रैली पार्टी कार्यालय पहुंची,जहां जमकर आतिशबाजी फुलो की वर्षा हुई। पार्टी कार्यालय में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

### जिलाध्यक्ष की रैली में दिखी गुटबाजी

भाजपा जिला मंत्री सुंदर शाह को जिला अध्यक्ष बनाए जाने के बाद भाजपा के भीतर भले ही विरोध के स्वर नहीं उठे लेकिन जिला अध्यक्ष की रैली में पार्टी के भीतर साफ गुटबाजी नजर आई। रैली में कई नाम चीन चेहरे नजर नहीं आए और ना ही उनके समर्थक इस रैली में दिखे। रैली में भाजपा के विधायक और उनके समर्थकों को छोड़ दे तो नाम मात्र के ही भाजपाई इस रैली में शामिल रहे। वही रैली में गिनती के लोगों के पहुंचने पर भाजपा के भीतर गुटवाजी को लेकर तरह-तरह की चर्चा होने लगी है। सोशल मीडिया में भी जिलाध्यक्ष को लेकर भाजपा को ट्रोल करते रहे। लोग अपनी प्रतिक्रिया देते हुए यहां तक कहा कि भाजपा ने विधायक, सीडाध्यक्ष और अब जिला अध्यक्ष बनाकर सिर्फ एक वर्ग विशेष की पार्टी बन कर उभर रही है। इसका खामियांजा आने में चुनाव में भाजपा को भारी पड़ जाए तो यह हैरान करने वाली बात नहीं होगी।

# नगर परिषद सरई की 16 दुकानों में अमानक पोलीथीन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर की गई कार्यवाही

**सिंगरौली।** क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिंगरौली के रसायन धर्मेन्द्र सिंह एवं प्रयोगशाला सहायक राजकुमार मसातकर तथा विश्वनाथ प्रताप सिंह एवम एसपी लाल साकेत द्वारा नगर परिषद सरई के दिनेश साकेत, सुरेश साकेत, राजकुमार साकेत एवं भगोले साकेत तथा उनकी टीम के साथ नगर परिषद सरई की लगभग 16 दुकानों में अमानक पोलीथीन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के संबंध में छापामार कार्यवाही की गई तथा नगर परिषद सरई के द्वारा अमानक पोलीथीन विक्रेताओं के विरूद्व राशि एक हजार तीन सौ रूपये मात्र अर्थदण्ड के रूप में चालान काटा गया। क्षेत्रीय कार्यालय,



म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विगत् 02 माह के दौरान सिंगरौली जिले के कई शैक्षणिक संस्थानों जैसे डीएव्ही खड़िया, ज्योति स्कूल जयंत प्रक्षेत्र, डीएव्ही ब्लाक-बी-गोरबी, डीएव्ही कृष्ण विहार कॉलोनी नौगढ़, में अमानक पोलीथीन के संबंध में जन-जागरूकता कार्यक्रम किऐ गऐ एवं अमानक पोलीथीन तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं से जन स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव तथ मवेशियों में होने वाले हानिकारक प्रभाव के संबंध में जन-चेतना विकसित की गई। मध्य प्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन विभाग एवं पर्यावरण विभाग के माध्यम से स्थानीय निकायों में प्लास्टिक प्रदूषण पर नियंत्रण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के दिशा-निर्देश जारी किऐ गऐ। आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के द्वारा सभी नगर पालिका अधिकारी तथा नगर निगम के आयुक्त एवं समस्त कलेक्टर्स तथा समस्त परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण (म.प्र.) को पत्र क्रमांक 27012 दिनांक 23.12.2024 को पत्र जारी किए गऐ हैं।

# हमारी डबल इंजन की सरकार योजनाओं से वंचितों एवं गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : विश्वामित्र

**सिंगरौली।** सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं से वंचित हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं से लाभान्वित करने की मंशा से प्रदेश के संवेदनशील यशस्वी मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान प्रारंभ किया गया है अभियान का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के हर पात्र हितग्राही को योजनाओं से लाभान्वित कराना है। हमारी डबल इंजन की सरकार योजनाओं से वंचितों एवं गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उक्त आशय के विचार विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने जनपद पंचायत सिहावल के ग्राम पंचायत डोल, ददरीकला एवं समरदह में आयोजित मुख्यमंत्री




जनकल्याण अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं कन्यापूजन कर विधिवत शुभारंभ किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मंचासीन अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित विभागीय अधिकारियों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में शामिल योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली सेवाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक विश्वामित्र पाठक ने अपने उद्बोधन में उपस्थित जन समुदाय को महत्वपूर्ण योजनाओं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना,लाडली बहना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, आयुष्मान योजना, संबल योजना प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि, पेंशन योजनाओं किसान क्रेडिट कार्ड नक्शा खसरा खतौनी की प्रतिलिपि,सहित विभिन्न विभागों में संचालित 45 हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं 63 सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए आगे आकर पात्रतानुसार आवेदन कर लाभ लेने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि ने अधिकारियों से शिविर में प्राप्त आवेदन पत्रों का तत्परता से निराकरण करने के लिए कहा।

शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाणपत्र एवं आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। क्षेत्रीय विधायक ने ग्राम पंचायत समरदह में आदिवासी विभूतियों भगवान विरसा मुंडा,सुंदर शाह एवं रघुनाथ शाह की प्रतिमा स्थापित कराने की बात कही।

# नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य अभिनंदन

**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह का भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। दोपहर जब जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के साथ जिलाध्यक्ष की उत्सव यात्रा जिला कार्यालय पहुंची तो जिले भर से आये कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों तथा आतिशबाजी के साथ नवनियुक्त जिलाध्यक्ष की भव्य आगवानी की तथा पुष्प वर्षा से उनका स्वागत किया। जिला कार्यालय के सभागार में निवर्तमान जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता, विधायक द्वय राम निवास शाह, राजेंद्र मेश्राम, पूर्व विधायक रामलल्लू वैश्य,



सुभाष वर्मा, निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय, सीड़ा अध्यक्ष दिलीप शाह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष प्रमिला वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश द्विवेदी , वीरेंद्र गोयल, पूर्व निगम एवं? सीडा अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा, पूर्व महापौर प्रेमवती खैरवार नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के अभिनंदन समारोह में मंच पर उपस्थित रहे। सभी प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों के साथ-साथ जिले भर से आये कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का फूल मालाओं तथा अंग वस्त्रों के साथ अभिनंदन किया तथा उनको शुभकामनाएं दीं। मंच पर उपस्थित समस्त माननीय जनप्रतिनिधियों तथा पदाधिकारियों ने अपने आशीर्वचनों में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं दी तथा उनके आगामी उत्तम कार्यकाल के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने जिलाध्यक्ष को हर तरह के सहयोग के लिए उनके साथ खड़े रहने का वचन दिया। अपने प्रथम जिलाध्यक्षीय उद्बोधन में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने अपने भावुक अंदाज में कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया तथा कार्यकर्ताओं से मिले स्नेह के लिये उनको नमन किया। अपने वक्तव्य में जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिलाध्यक्ष बनने की सूचना मिलते ही मैं स्वयं स्तब्ध था एवं एक क्षण के लिए विश्वास ही नहीं हुआ यह सत्य है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि ये भारतीय जनता पार्टी ही है जो कार्यों का मूल्यांकन कर कार्यकर्ता को सम्मान देती है। मेरा संगठन में कार्यकाल युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री के रूप में प्रारंभ हुआ तथा आज पार्टी ने मुझे जिलाध्यक्ष का दायित्व दिया है। हम संगठन की गतिविधियों को बूथ स्तर तक ले जायेंगे तथा जिले के समस्त बूथों को हम सशक्त बनाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेंगे ।

# गणतंत्र दिवस पर जिले में शुष्क दिवस घोषित

**सिंगरौली।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला ने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 को सम्पूर्ण दिवस के लिये सिंगरौली जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है।जारी आदेश के तहत जिले में स्थित समस्त मदिरा के फुटकर विक्रय केन्द्र, एफ.एल.-2, एफ.एल.-3 बार होटल तथा थोक विक्रय केन्द्र, देशी मदिरा मद्यभण्डागार गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 को (संपूर्ण दिवस) बंद रखे जायेंगे तथा मदिरा का क्रय-विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# गांजा के आरोपी को न्यायालय ने सुनाई सजा

**रीवा ।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट समक्ष श्री केशव सिंह के न्यायालय में विचाराधीन एस.सी.एनडीपीएस प्र.क्र. 38/19 थाना गुढ़ के अपराध क्र.190/19 धारा 8/20 (ख) स्वापक औषधि और मनह प्रभावी पदार्थ अधि.1985 से उद्भूत प्रकरण के आरोपी धर्मेन्द्र कुमार पटेल पुत्र रामाधार पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी महसांव थाना गुढ़ जिला रीवा को दोषसिद्ध पाते हुए चार माह का सश्रम कारावास व बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कर जेल भेजा गया। अभियोजन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक नीलग्रीव पाण्डेय ने की। अभियोजन की कहानी यह है कि दिनांक 19.5.19 को उपनिरीक्षक अरविन्द सिंह राठौर को मुखबिर सूचना मिली की ग्राम महसौव चौड़ियार मोड़ का धर्मेन्द्र पटेल अपने साथी सुधीर उर्फ उर्फ पिन्टू पाण्डेय के साथ एक काले रंग की पल्सर मोटर साइकिल क्र.एम.पी.18 एम.जी.9655 से काले रंग के पिट्ठू बैग में अवैध रूप से गांजा रखकर गड्डी रोड से अपने घर जा रहा है। उक्त मुखबिर सूचना तस्दीक कार्यवाही हेतु वैधानिक कार्यवाही करते हुए दो स्वतंत्र साक्षी व मय हमराह स्टाफ के घटना स्थल महसांव चौड़ियार मोड़ के पास चेकिंग लगाया कुछ देर बाद संदेही उक्त कालेरंग की पल्सर मोटर साइकिल के साथ पिट्ठू बैग टांगे आते दिखा जो पुलिस चेकिंग को देखकर भागने का प्रयास किया व चालक मोटर साइकिल छोड़कर भाग गया।

# हितग्राहियों को भूमि स्वामी अधिकार अभिलेख का वितरण 18 को

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने जानकारी देते हुये बताया कि भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा स्वामित्व योजना का केन्द्र स्तरीय कार्यक्रम दिनांक 18 जनवरी को किया जाना है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से संपूर्ण देश से चयनित स्वामित्व योजना के लाभार्थियों से बात करना एवं इलेक्ट्रानिक माध्यम से अधिकार अभिलेख का वितरण किया जाएगा । उक्त योजना के अंतर्गत जिलो मे पात्र हितग्राहियों को भूमिस्वामी अधिकार अभिलेख का वितरण माननीय सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति मे अटल सामुदायिक भवन बिलौंजी में 11 बजे आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से किया जाएगा। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जायेगा।कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा संबंधित अधिकारियो को निर्देश दियें गयें है कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ साथ पंचायतो में आयोजित होने वाले कार्यक्रमो में बेवकास्ट के माध्यम से प्रसारण सुनिश्चित करेगें एवं कार्यक्रम के उपरान्त स्वामित्व योजना के अन्तर्गत वितरण से शेष पात्र हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख के वितरण की कार्यवाही करेगें। उन्होंने निर्देश दियें कि स्वामित्व योजना अन्तर्गत वितरित किये जाने वाले अधिकार अभिलेख भू-लेख पोर्टल पर तहसीलदार लागिन में उपलब्ध कराये गये है ।

# आंगनबाड़ी के लिए बर्तन खरीदी में भ्रष्टाचार का टेंडर!

## डीपीओ का करोड़ों रुपए हेर-फेर के आरोप के बाद नया कारनामा! रात 9.14 बजे निविदा खोल कर दिया खेला

**सिंगरौली।** अपने आशिक मिजाजी और भ्रष्टाचार के आप से घिरे महिला बाल विकास अधिकारी का अब एक नया कारनामा सामने आया है। इस बार रात 9.14 बजे निविदा खोल कर भ्रष्टाचार करने का टेंडर निकाला गया है। डीपीओ पर पहले भी सरकारी रूपयों पर दुरुपयोग के आरोप की शिकायत ईओडब्ल्यू से की जा चुकी हैं।

गौरतलब है कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए जेम पोर्टल के जरिए जिला कार्यक्रम अधिकारी सिंगरौली द्वारा स्टेनलेस स्टील बर्तनों की खरीद के लिए करीब 5 करोड़ रुपए की निविदा जारी की गई थी। बर्तनों की खरीद के लिए दिए गए आर्डर में नियम कायदों में गंभीर अनियमितता बरती गई है। मामले में शिकायतकर्ता का कहना है कि जिस प्रक्रिया के तहत यह निविदा आनन-फानन रात 9.14 बजे खोली गई और आर्डर जारी कर दिए गये हैं उन प्रक्रियाओं ने केंद्र सरकार की नीतियों का उल्लंघन किया है और पारदर्शिता, समावेशिता और निष्पक्षता के सिद्धांतों को कमजोर किया है। मुख्य मुद्दे में एमएसएमई आरक्षण नीति का उल्लंघन किया गया है। निविदा में शामिल वस्तुएं सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए आरक्षित




सूची का हिस्सा हैं। जैसा कि केंद्र सरकार के एमएसएमई मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों में उल्लिखित है। लेकिन अधिकारियों द्वारा जान बूझकर ऐसी शर्तें रखी गयी हैं जो सार्वजनिक खरीद में एमएसएमई के नियमों का पालन नहीं करती हैं। इसके अलावा इस निविदा के माध्यम से गैर-ब्रांडेड और गैर- अनुपालन करने वाले बोलीदाताओं का चयन किया गया है। जो कि निविदा जान पहचान व अपने लोगों के जरिए संपन्न कराने के प्रयास को दर्शाता है।इस संबंध में जब महिला बाल विकास अधिकारी राजेश राम गुप्ता का पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन काट दिया।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए करनी है बर्तनों की खरीदी

जिले के 1550 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए लगभग 5 करोड़ की लागत से बर्तनों की खरीद की जानी है। जिसके लिए स्पेसिफिकेशन गुणवत्ता मापदंड के अनुरूप खरीदी की जानी है। सभी बर्तन स्टेनलेस स्टील के थाली, चम्मच, ग्लास, जग, बाल्टी, कंटेनर, करछुली की खरीद के लिए माप भी दशांयी गयी है। जिस प्रकार इन सभी आइटम की खरीद की जानी है, उसमें गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए गये हैं।

### मैनेज कर टेंडर किए जाने की शिकायत

शिकायतकर्ता का कहना है कि जिस प्रकार बोलीदाताओं ने रेट भरे हैं, उसमें बहुत ही कम का अंतर है। इस निविदा में एल-1 रहे जय माता दी कारपोरेशन ने 4,99,88,300 रूपये, एल-2 रहे एम / एस सत्येद्र कुमार सिंह ने 4,99,56,500 रूपये तीसरे नंबर पर रहे सुनील कुमार त्रिपाठी ने 4,99,75,100 रूपये और चौथे नंबर पर रहे अनमोल ट्रेडर्स ने 5,00,30,900 - रूपये निविदा की राशि भरी है। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि टेंडर को किसी एक ही व्यक्ति के द्वारा अथवा मैनेज कर भरा गया है। वहीं अन्य कई पार्टियों को किसी न किसी प्रकार से डिसक्वालीफाई कर दिया गया है।

# संविधान का गला घोंटने वाली कांग्रेस, कर रही संविधान बचाने की बात, रहे सावधान : पाराशर

## संविधान गौरव दिवस के होंगे अनेक कार्यक्रम : देव कुमार

## भाजपा की कामकाजी बैठक संपन्न

**सीधी।** संविधान के मूल हिस्से में 93 संशोधन करने वाली कांग्रेस, बाबा साहब को अपमानित करने का कलंक करने वाली कांग्रेस, आज भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और संविधान बचाने की बात कर रही है। ऐसी कांग्रेस से हम सभी को सावधान रहने की आवश्यकता है, जो कांग्रेस जीते जी बाबा साहब अंबेडकर का कभी सम्मान नहीं की।

उक्त आशय के विचार भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के प्रदेश मंत्री एवं संगठन पर्व के जिला चुनाव अधिकारी लोकेंद्र पाराशर ने पार्टी कार्यालय में आयोजित संविधान गौरव दिवस और मन की बात कार्यक्रम की योजना रचना बैठक संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में कहीं।

प्रदेश मंत्री एवं चुनाव अधिकारी श्री पाराशर ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब के जीते जी कभी उन्हें सम्मान नहीं दिया। उन्हें दो बार चुनाव हराने की साजिश करते हुए बाबा साहब को संसद में पहुंचने से रोका। केवल इतना ही नहीं उनके मान बिंदुओं जन्म स्थली, शिक्षा दीक्षा एवं अन्य स्थानों को कभी महत्व नहीं दिया। जबकि भारतीय जनता पार्टी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने बाबा साहब के मान बिंदुओं को पंच तीर्थ के रूप में विकसित कर संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर को भारत रत्न देने का कार्य किया।

कांग्रेस पर तीक्ष्ण पहाड़ करते हुए प्रदेश मंत्री श्री पाराशर ने कहा कि हम सभी को बाबा साहब के बारे में समाज को तोड़ने वाले तथ्य सीखने और बताए जाते हैं जबकि एक ब्राह्मण परिवार ने बाबा साहब को पढ़ाया, लिखया और जीवन के पाठ के हुनर सिखाए बाद में एक क्षत्रिय राजघराने ने उच्च शिक्षा के लिए बाबा साहब को विदेश भेजा। किंतु भारत और समाज को तोड़ने वाली ताकते जातिवाद का जहर घोलकर पहले देश को बांटा, अब समाज को भी बांटने की तैयारी कर




रहे हैं।

प्रदेश मंत्री श्री पाराशर ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन सहित देश विरोधी ताकतों से जनता जनार्दन को सजग रहने की बात कही।

भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिले के जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेंद्र पाराशर ने अंत में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शानदार और निर्विघ्न निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण हुई। इसके लिए सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। अति शीघ्र जिला अध्यक्ष निर्वाचन परिणाम की घोषणा होगी। प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर महीने के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय प्रसारण मन की बात होता है। मन की बात कार्यक्रम से देश के स्वाभिमान एवं देश की प्रतिभाओं के प्रगतिकरण का अवसर प्राप्त होता है। मन की बात गैर राजनीतिक कार्यक्रम होने के साथ ही रोचक ज्ञानवर्धक एवं भारत माता के प्रति स्वाभिमान जगाने वाला होता है। इसलिए हम सभी को समूह के रूप में एकत्रित होकर इस कार्यक्रम को केवल कर्मकांड न मानकर, ज्ञानवर्धन के लिए आयोजित करें। संविधान गौरव दिवस कार्यक्रम की योजना बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि आगामी दिनों में संपन्न होने वाले सभी कार्यक्रम शानदार और ऐतिहासिक हो, इसकी योजना रचना बन रही है। कार्यक्रम प्रभावित हो इसके लिए सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष कमर कसे। मध्यप्रदेश के भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेंद्र पाराशर ने नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों का अंग वस्त्र पहनाकर, उज्जवल भविष्य की कामना की एवं अभिनंदन किया।

कार्यक्रम का स्वागत भाषण पूर्व जिला अध्यक्ष एवं जिला सह निर्वाचन अधिकारी बृज बिहारी लाल शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनोद साकेत और आभार प्रदर्शन जिला सह निर्वाचन अधिकारी मोतीलाल पटेल ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक, जिला उपाध्यक्ष अंजू पाठक, डॉ विक्रम सिंह चौहान, सरस्वती बहेलिया, प्रमोद द्विवेदी, अनिल पांडे, अमलेश्वर चतुर्वेदी, सुरेश सिंह चौहान, संदीप शर्मा, जिला महामंत्री डॉ मनोज मिश्रा, अशोक पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ यू के श्रीवास्तव, विनय सिंह चौहान, जिला मंत्री अमित प्रधान, सुनीता रानी वर्मा, पूजा सिंह कुशराम, उर्मिला साकेत, ज्योति कुशवाहा, कोषाध्यक्ष अनीता चौरसिया, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, डॉ मनीला सिंह चौहान, राकेश सिंह रिंकू, भानु प्रताप पाण्डेय, मोर्चा अध्यक्ष निशांत मिश्रा, राकेश मौर्या, चंद्रपाल सिंह उइके, लोरिक प्रसाद यादव, प्रदीप शुक्ल, मंडल अध्यक्ष पंकज पांडे, सूबेदार यादव, आशीष तिवारी, राजेश द्विवेदी, योगेंद्र सिंह, श्रीमती अनीता सिंह, राम सजीवन कचेर, के के मिश्रा, अखंड प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र पांडे, नीरज मिश्रा, रजनीश शुक्ला, प्रमोद सिंह, हीरा सिंह गौड़, बुद्ध सेन साहू, शिव दान साकेत, राम राज गुप्ता, के के गुप्ता, नवीन सिंह, संत कुमार वैश्य, राममिलन वर्मा, कृष्ण लाल पयासी, ईश्वर दिन सिंह, अर्जुन उपाध्याय, पुनीत पाण्डेय, इंद्र बहादुर सिंह चौहान, राजीव लोचन तिवारी, महेंद्र शुक्ला, रामकृष्ण पटेल, कमलेश्वर गौतम सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रतिनिधि और वरिष्ठ पार्टी का पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन एवं व्यक्तियों को किया जाएगा पुरस्कृत

## आवेदन की अंतिम तिथि 23 जनवरी

सीधी

जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि उपभोक्ता अधिकार दिवस दिनांक 15 मार्च 2025 के अवसर पर उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन एवं व्यक्तियों को राज्य एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार प्रदाय किया जावेगा। उपरोक्त पुरस्कारों के लिये ऐसे संगठनों/व्यक्तियों का चयन दिनांक 01 जनवरी 2024 से दिनांक 31 दिसम्बर 2024 तक की अवधि में की गई गतिविधियों के आधार पर किया जावेगा। राज्य स्तरीय तीन पुरस्कार मय प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जावेंगे। राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार 1 लाख 11 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 51 हजार रूपये एवं तृतीय पुरस्कार 25 हजार प्रदाय किया जायेगा। इसी प्रकार संभाग स्तरीय प्रथम पुरस्कार 21 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार रूपये एवं तृतीय पुरस्कार 5 हजार रूपये प्रदाय किये जावेंगे। राज्य स्तरीय एवं संभाग स्तरीय आवेदन पृथक-पृथक स्वीकार किये जावेंगे। राज्य स्तरीय पुरस्कार वर्ष 2024-25 हेतु एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार वर्ष 2024-25 हेतु सुस्पष्ट रूप से लिखा जावे। आवेदन प्रारूप क विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध है। आवेदन दिनांक 23 जनवरी 2025 तक संबंधित कार्यालय जिला कलेक्टर (खाद्य) में स्वीकार किये जावेंगे। इस संबंध में बिना कलेक्टर की अनुशंसा के आवेदन सीधे संचालनालय खाद्य में स्वीकार नही किये जायेंगे, विलंब से प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नही किये जायेंगे।

इस संबंध में अतिरिक्त जानकारी के लिये संबंधित कार्यालय जिला कलेक्टर (खाद्य) से संपर्क किया जा सकता है। विगत वर्ष राज्य स्तरीय प्रथम/द्वितीय/तृतीय पुरस्कार प्राप्त संस्थाओं के आवेदन पर चयन समिति द्वारा विचार नही किया जावेगा।

# शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम संपन्न

## जागरुकता ही क्षय रोग का बचाव है : डॉ गीता भारती



**सीधी।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीधी के संयुक्त निर्देशन में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य टीबी को पूरी तरह से समाप्त करना है। जिला कार्यक्रम समन्वयक विनोद तिवारी ने बताया कि यह बीमारी माइको बैक्टीरियम ट्यूबर क्लोसिस के कारण जनित होती है, जो फेफड़ों को प्रभावित करती है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गीता भारती ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह एक राष्ट्रीय महामारी है, प्रतिरोधक क्षमता कम होने वाले व्यक्तियों में इसकी संभावना अत्यधिक होती है। जागरूकता ही इसका मुख्य उपाय है। कार्यक्रम की समन्वयक अभिलाषा सिंह ने बताया कि थकान, बुखार, खांसी में खून का आना, सीने में दर्द बना रहना, लगातार वजन कम होना इस रोग के प्रमुख लक्षण हैं। महाविद्यालय में 50 विद्यार्थियों की टीबी स्क्रीनिंग की गई। जिसमें दो के सिम्टम्स पॉजिटिव पाए गए। कार्यक्रम में उमा शंकर गौतम, प्रदीप कुमार पाण्डेय, अश्विनी सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली एवं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान एवं विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता कर सफल बनाया।

# सोन घड़ियाल अभ्यारण्य बीट कुकरांव में नर घड़ियाल छोड़ा गया

सीधी

परिक्षेत्राधिकारी सोन घड़ियाल अभ्यारण्य ने जानकारी देकर बताया है कि राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण्य मुरैना के बरौली घाट से एक नर घड़ियाल का घड़ियाल ईकोलॉजी प्रोजेक्ट की टीम द्वारा चंबल नदी से रेस्क्यू कर पकड़ा गया, जिसे सोन घड़ियाल की टीम के साथ लाकर जनसंख्या वृद्धि करने के लिए परिक्षेत्र सोन घड़ियाल अभ्यारण्य सीधी बीट कुकरांव अंतर्गत जोगदहा घाट सोननदी मे घड़ियाल ईकोलॉजी प्रोजेक्ट की टीम द्वारा नर घड़ियाल के पूंछ में रेडियो चिप लगाने का कार्य किया गया। नर घड़ियाल की पूरी जांच पड़ताल उपरांत सुरक्षित ढंग से स्वस्थ अवस्था में सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक, अधीक्षक सोन घड़ियाल अभ्यारण्य सीधी, परिक्षेत्राधिकारी सोन घड़ियाल अभ्यारण्य सीधी, पशु चिकित्सा अधिकारी सेफाली गुप्ता, घड़ियाल ईकोलॉजी प्रोजेक्ट के सदस्य एवं अन्य जोगदहा स्टाफ के समक्ष जोगदहा घाट सोननदी में छोड़ा गया। नर घड़ियाल तेजी से पानी मे छलांग भरता हुआ पानी के अंदर चला गया। नर घड़ियाल की लंबाई 4.10 मीटर, वजन लगभग 2 से 3 क्विंटल एवं औसतन आयु 15 से 20 वर्ष है।

# जिला अभियोजन अधिकारी द्वारा आयोजित एक दिवसीय विधिक दक्षता संवर्धन कार्यशाला संपन्न

**सीधी।** कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा माननीय संचालक अभियोजन मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार नवीन कानून संहिता 2023 के अंतर्गत समस्त् अभियोजन अधिकारीगण एवं कोर्ट मोहर्रिरों की एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीधी के सभागार कक्ष में दिनांक 12.01.2025 को आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि डॉ. मनीष गिरि, असिस्टें ट प्रोफेसर, कमला कॉलेज सीधी एवं डॉ. ममला पाण्डेयय, असिस्टें ट प्रोफेसर, शासकीय विधि महाविद्यालय रीवा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया । कार्यशाला में नवीन कानून



संहिता 2023 के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती भारती शर्मा सहित अन्यस सहायक जिला अभियोजन अधिकारीगण श्री प्रशान्तय कुमार पाण्डेदय, श्रीमती पूजा गोस्वातमी, श्री रामराज सिंह, सुश्री सीनू वर्मा, श्री गरूण कुमार कोल, श्री ओमप्रकाश बागरी, श्रीमती अलका दुबे, श्रीमती जागृति पाण्ड्ेय एवं सुश्री आसिता मिश्रा एवं अभियोजन कर्मचारीगण एवं समस्ते कोर्ट मोहर्रिर उपस्थित रहे। कार्यशाला के समापन पर जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती भारती शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि, व्याख्याता, अभियोजन अधिकारीगण, पुलिस अधिकारियों एवं स्टाफ को कार्यशाला के सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने पर सभी का आभार व्यक्त किया।

# एक दिवसीय अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 21 जनवरी को

**सीधी।** जिला रोजगार अधिकारी जिला रोजगार कार्यालय ने जानकारी देकर बताया है कि जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के मार्गदर्शन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र आई.टी.आई. एवं जिला रोजगार कार्यालय सीधी द्वारा दिनांक 21 जनवरी 2025 को शासकीय आई.टी.आई. मड़रिया सीधी के परिसर में एक दिवसीय युवा संगम संयुक्त रूप से (रोजगार मेला, स्व-रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले) का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश, प्रदेश एवं स्थानीय स्तर से निजी क्षेत्र की लगभग 06 से 07 कंपनियाँ भाग ले रही हैं। युवा संगम में शामिल होने के लिए समस्त आवेदक लिंक में अपना पंजीयन कर मेले में शामिल हो सकते है।

# महाकुम्भ पृथ्वी का सबसे बड़ा धार्मिक समागम : अमृतेश

सीधी

गोडवाना गणतंत्र पार्टी के नेता अमृतेश द्विवेदी ने महाकुम्भ मे स्नान करने से प्राप्त होने वाले फल और सनातन संस्कृति को मानने वाले लोगों से आग्रह करते हुए बताया है कि 13 जनवरी से प्रयागराज मे प्रारंभ हुए महाकुम्भ मेले का दृश्य देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि सनातन धर्म पूरे विश्व का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार है। मकर संक्रांति के पर्व पर स्याही स्नान करने आये देश के कोने कोने से महान तपस्वी, साधु-संत एवं अनेक देशों से आए लोगों के देखकर हम जैसे भारतीय अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं कि हमने ऐसे देश में जन्म लिया। जहां भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण ने अवतार लेकर इस धरती को पवित्र किया है। आज उसी का परिणाम है कि विश्व के सबसे बडे धार्मिक और पुण्य स्थलों में महाकुम्भ लग रहा है। कहते हैं कि महाकुम्भ मे जिसने स्नान कर लिया उसे पाप से छुटकारा, यश-सम्मान की प्राप्ति, मांगलिक दोष से छुटकारा व पुण्य फल की प्राप्ति होती है। इस बार प्रयागराज जैसे पवित्र स्थल पर महाकुम्भ लगा हुआ है जिसे खुद तीर्थों का राजा कहा जाता है, मुझे लगता है ऐसा शुभ अवसर करोड़ों करोड़ साल में एकाक बार ही मिलता है इसलिए देश मे निवास करने वाले सभी नागरिकों को इस पुण्य अवसर का लाभ अवश्य लेना चाहिए।

# पुलिस द्वारा 6 लाख कीमती ज्वलनशील सामग्री के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सीधी।** आवश्यक एवं ज्वलनशील वस्तुओ की कालाबजारी पर सीधी पुलिस की कार्यवाही करते हुये चौकी पिपराव पुलिस ने 6 लाख रुपये कीमती 2200 लीटर डीजल सहित परिवहन में प्रयुक्त वाहन जप्त किया है। पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी अरविन्द श्रीवास्तव व एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में चौकी प्रभारी पिपराव उप निरीक्षक शेषमणि मिश्रा ने आवश्यक एवं ज्वलनशील वस्तुओं की कालाबाजारी करने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही कर 2200 लीटर डीजल एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन कुल कीमती 6 लाख रूपये जप्त किये। घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 13 जनवरी 2025 को चौकी प्रभारी पिपराव उप निरीक्षक शेषमणि मिश्रा को मुखबिर सुचना मिली कि सीधी तरफ से एक पिकअप वाहन क्र. एमपी 53 जीए 2546 अवैध रुप से ड्रमो में डीजल रखे हुये पिपरांव तरफ आ रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी, चौकी प्रभारी पिपराव उप निरीक्षक शेषमणि मिश्रा, सउनि ओम प्रकाश गौतम, आरक्षक लक्ष्मीकांत पाण्डेय एवं सचिन कुमार का सराहनीय योगदान रहा है।

# लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम अंतर्गत कार्यालय स्टॉफ की संविदा आधार पर भर्ती

**सीधी।** जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेन्द्र जोशी ने जानकारी देकर बताया कि लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम अंतर्गत कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी में 01 पद कार्यालय सहायक/क्लर्क, 01 पद रिसेप्सनिस्ट सह डाटा एन्ट्री आपरेटर एवं 01 पद कार्यालय भृत्य के लिए संविदा आधार पर 01 वर्ष नियुक्ति हेतु आवदेन पत्र दिनांक 10.02.2025 सायं 05:00 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय सीधी में आमंत्रित किये गये है। उक्त विज्ञप्ति कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के सूचना पटल पर चस्पा है एवं जिला न्यायालय सीधी के वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी से संपर्क करें।

# आत्महत्या में उकसाने के मामले में 5 वनकर्मी बर्खास्त

**सीधी।** कोतवाली थाना अंतर्गत पिपरोहर निवासी वनकर्मी द्वारा बर्खास्तगी की कार्यवाही से आहत होकर अपनी पत्नी के साथ शासकीय आवास में फांसी के फंदे में झूलकर आत्महत्या कर ली गई थी। आत्महत्या करने वाले स्थल से वन कर्मी द्वारा लिखा गया सुसाइड नोट भी पुलिस को मिला था। लंबी विवेचना के पश्चात पुलिस द्वारा अब आत्महत्या के लिए उकसाने वाले वन विभाग के 5 कर्मचारियों पर आपराधिक मामला पंजीबद्ध किया गया है। सिंगरौली जिले के बैढन् थाना में दर्ज अपराध क्रमांक 0034/25 में वन मंडल कार्यालय जिला वनोपज सहकारी एवं मर्यादित सिंगरौली के वनोपज तेंदु शाखा में दैनिक वेतन भोगी कुशल श्रमिक स्थाई कर्मी शिवराज सिह चौहान निवासी पिपरोहर पदस्थ थे। विगत 7 फरवरी 2024 एवं 8 फरवरी 2024 को शासकीय कार्य को लेकर उनके तथा कार्यालय में कार्यरत रजनी गुप्ता के मध्य विवाद हुआ था। 9 फरवरी 2024 को अपरान्ह 4:30 बजे से 5 बजे के बीच कार्यालयीन कार्य के दौरान शिवराज सिंह द्वारा विभागीय कर्मचारी रजनी गुप्ता के सामने अपने शीट पर बैठकर मदिरा का सेवन कर धारदार हथियार कुल्हाड़ी निकालकर टेबल पर पटककर अनावेदिका के साथ अपशब्दों का प्रयोग किया गया था। जिसका वीडियो वायरल होने के बाद वन मंडलाधिकारी सिंगरौली द्वारा शिवराज सिंह को आरंभ में निलंबित कर दिया गया तथा जांच के लिए समिति गठित की गई।

# सरकार योजनाओं से वंचितों एवं गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धः विश्वामित्र

## डोल, ददरीकला एवं समरदह में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत शिविर आयोजित

**सीधी।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं से लाभान्वित करने की मंशा से प्रदेश के संवेदनशील यशस्वी मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के द्वारा ''मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान'' प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के हर पात्र हितग्राही को योजनाओं से लाभान्वित कराना है। हमारी डबल इंजन की सरकार योजनाओं से वंचितों एवं गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उक्त आशय के विचार श्री विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने जनपद पंचायत सिहावल के ग्राम पंचायत डोल, ददरीकला एवं समरदह में




आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं कन्यापूजन कर विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विभागीय अधिकारियों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में शामिल योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली सेवाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक श्री विश्वामित्र पाठक ने अपने उद्बोधन में उपस्थित जन समुदाय को महत्वपूर्ण योजनाओं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडली बहना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, आयुष्मान योजना, संबल योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पेंशन योजनाओं, किसान क्रेडिट कार्ड, नक्शा खसरा खतौनी की प्रतिलिपि सहित विभिन्न विभागों में संचालित 45 हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं 63 सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए आगे आकर पात्रतानुसार आवेदन कर लाभ लेने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि ने अधिकारियों से शिविर में प्राप्त आवेदन पत्रों का तत्परता से निराकरण करने के लिए कहा। शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाणपत्र एवं आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। विधायक ने ग्राम पंचायत समरदह में आदिवासी विभूतियों भगवान बिरसा मुंडा, शंकर शाह एवं रघुनाथ शाह की प्रतिमा स्थापित कराने की बात कही।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमती विमला सिंह सरपंच डोल, रामगोविन्द सिंह सरपंच ददरीकला, श्रीमती प्रबोधिनी गुप्ता सरपंच समरदह, एस.पी. मिश्रा एसडीएम सिहावल, पुष्पेंद्र पांडेय, सी पी त्रिपाठी तहसीलदार, राकेश सिंह बैस टी आई, डॉ अमित वर्मा एमओ बहरी, अतुल मिश्रा एसडीओ आरईएस, अशोक शुक्ला, श्यामलाल यादव, नीरज सिंह, छैल बिहारी द्विवेदी, पुष्पराज सिंह, श्यामसुंदर सिंह, महेश प्रजापति, दिलीप सोनी, जयप्रकाश पाण्डेय, सुभाकर द्विवेदी, श्री योगेंद्रनाथ पाठक, इंद्रभान सिंह, उदयराज सिंह, विष्णु प्रधान, हिंछलाल शाहू, विष्णुबहादुर सिंह, श्रीमती सरोज साकेत सहित विकासखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी, वरिष्ठजन, हितग्राही बंधु उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### भारत-बांग्लादेश के बीच बाड़बंदी बन रहा नया मुद्दा,

सीमा पर बाड़ लगाने के मसले को बांग्लादेश ने जिस तरह भारत के साथ दोस्ताना रिश्तों से जोड़ा है, उससे साफ है कि मामला सिर्फ उतना ही नहीं है, जितना दिख रहा है। बात यह नहीं कि बाड़ लगाने से दोनों पक्षों में तनाव और अविश्वास बढ़ रहा है, असलियत यह है कि रिश्तों में अविश्वास बढ़ने की वजह से बाड़बंदी को मुद्दा बनाया जा रहा है। इस बात की पुष्टि तब होती है जब बाड़बंदी से जुड़े ताजा विवाद को हम समग्रता में देखने का प्रयास करते हैं। रविवार को बांग्लादेश के विदेश सचिव ने भारतीय हाई कमिश्नर से मुलाकात में आरोप लगाया कि भारत 5 जगहों पर बाड़ लगाकर द्विपक्षीय संबंधों का उल्लंघन कर रहा है। तथ्य यह है कि सीमा सुरक्षा के लिहाज से बाड़ लगाने पर दोनों देशों में पहले से सहमति बनी हुई है। जहां भी बाड़ लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है, उसके बारे में ब्रस्त्र की बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के साथ न केवल बातचीत हो चुकी है बल्कि उनमें सहमति भी बन चुकी है। बांग्लादेश के रुख में अचानक आए इस बदलाव की जड़ में है वहां हुआ सत्ता परिवर्तन। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के भागकर भारत आने के बाद से वहां बनी सरकार पुराने तय हो चुके मसलों पर भी सवाल उठा रही है। बाड़बंदी को लेकर दोनों पक्षों में हुए समझौतों पर सवाल उठाना भी इसी का एक उदाहरण है। अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर भी उसका यही राग बरकरार है कि वे घटनाएं बढ़ा-चढ़ाकर पेश की जा रही हैं। हालांकि जब इन घटनाओं को छुपाना या उनका खंडन करना संभव नहीं रह गया तो अब नई व्याख्या यह दी गई है कि उन घटनाओं का स्वरूप सांप्रदायिक नहीं, राजनीतिक है। खासकर बांग्लादेश की नई सरकार ने पाकिस्तान के साथ करीबी दिखाते हुए पाकिस्तानियों को वहां आसानी से प्रवेश देने की जो नीति अपनाई है उससे यह आशंका बढ़ गई है कि आतंकी तत्व बांग्लादेश के रास्ते भारत आ सकते हैं। जाहिर है, भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरत सकता।

# भीषण आग से अमेरिका ही नहीं, दुनिया सबक ले

**अनियंत्रित विकास, पर्यावरण की घोर उपेक्षा एवं भौतिकतावादी सोच इस आग का बड़ा कारण है। खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। आलीशान बंगलों, सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाह होने के साथ करीब 24 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब दो लाख लोगों को घर-बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है। अमेरिका संस्कृतिविहीन देश बनता जा रहा है- यह राष्ट्र भौतिक विकास, पर्यावरण उपेक्षा एवं शस्त्र संस्कृति पर सवार है।**

(ललित गर्ग )

दुनिया को सुरक्षा एवं विकास का आश्वासन देने वाला देश आज खुद अपनी रक्षा नहीं कर पा रहा है। वहां के आधुनिक तकनीक से लेस दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं।

अमेरिका के लॉस एंजेलिस में जंगल की बेकाबू आग फेलने, भारी तबाही, महाविनाश और भारी जन-धन की क्षति ने साबित किया है कि दुनिया की नंबर एक महाशक्ति भी कुदरत के रौद्र के सामने बौनी ही साबित हुई है। न केवल अमेरिका के इतिहास में बल्कि दुनिया के इतिहास यह जंगल की आग सबसे भयावह, सर्वाधिक विनाशकारी एवं डरावनी साबित हुई है। आग धीमी होने का नाम नहीं ले रही है। बल्कि और तेजी से बढ़ती जा रही है और इसका कारण 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं हैं। ये हवाएं इस आग को और भड़का रही हैं, तबाही का मंजर बन रही है, जिसे रोकना अमेरिका प्रशासन के लिए एक चुनौती बन गया है। अमेरिकी सेना के सी-130 विमान और फायर हेलीकॉप्टर हर संभव कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हवा की गति और आग की लपटों की ताकत के आगे दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के तमाम प्रयास नाकाफी एवं बेबस साबित हो रहे हैं।

अनियंत्रित विकास, पर्यावरण की घोर उपेक्षा एवं भौतिकतावादी सोच इस आग का बड़ा कारण है। खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। आलीशान बंगलों, सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाह होने के साथ करीब 24 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब दो लाख लोगों को घर-बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है। अमेरिका संस्कृतिविहीन देश बनता जा रहा है- यह राष्ट्र भौतिक विकास, पर्यावरण उपेक्षा एवं शस्त्र संस्कृति पर सवार है। वहां के नागरिक अपने पास जितने चाहें, उतने भौतिक संसाधन रख सकते हैं। सुविधावादी जीवनशैली के शिखर एवं तमाम सुरक्षा परिस्थितियों में जीने के बावजूद यह देश आज कितना असहाय एवं बेबस है। विकास की बोली बोलने वाला, विकास की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में आधुनिकता, तकनीक एवं विकास की आंधी लाने वाला अमेरिका जब खुद ऐसी भीषण आग की तबाही का शिकार होने लगा तो उसकी नींद टूटी हैं, उसे अपनी असलियत का पता लगा। दुनिया को सुरक्षा एवं



विकास का आश्वासन देने वाला देश आज खुद अपनी रक्षा नहीं कर पा रहा है। वहां के आधुनिक तकनीक से लेस दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तल्ख होते मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जतायी जा रही है। आग के बाद का जो मंजर नजर आ रहा है उसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई बम गिराया गया हो। विडंबना यह है कि आपदा में अवसर तलाशने वाले कुछ लोग खाली कराये गए घरों में लूटपाट से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हॉलीवुड हिल्स इलाके में करीब साढ़े पांच हजार से अधिक इमारतों के नष्ट होने की खबर है। कई नामी फिल्मी हस्तियों के घर, जैसे बिली क्रिस्टल, मैंडी मूर, जेमी ली कर्टिस और पेरिस हिल्टन शामिल हैं एवं व्यावसायिक इमारतें व सार्वजनिक संस्थान आग की भेंट चढ़े हैं। वहां की आस्थाएं एवं निष्ठाएं इतनी जख्मी हो गयी कि विश्वास जैसा सुरक्षा-कवच मनुष्य-मनुष्य के बीच रहा ही नहीं। साफ चेहरों के भीतर कौन कितना बदसूरत एवं उन्मादी मन समेटे है, कहना कठिन है। अमेरिका की विकास की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। ईश्वर की बनायी संरचना में दखल का ही परिणाम है कि प्रकृति इतना रौद्र एवं विध्वंसक रूप धारण किया है। अमेरिका आज दुनिया में प्रकृति के दोहन, अपराध का सबसे बड़ा अड्डा है और हिंसा की जो संस्कृति उसने दुनिया में फैलाई, आज वह स्वयं उसका शिकार है। अमेरिका के इतिहास में यह जंगल की आग सबसे भयावह साबित हुई है। चिंता की बात यह है कि इलाके में हाल-फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है, जिससे जंगल की आग जल्दी काबू में आ सकती। एक बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति ठप होने व पानी की आपूर्ति में बाधा संकट को और बढ़ा रही है। लोगों की सुरक्षित स्थानों में जाने के लिये अफरा-तफरी से जगह-जगह ट्रैफिक जाम लग रहे हैं। पानी का दबाव कम होने से दमकल कर्मियों को आग बुझाने में परेशानी आ रही है। घोर अव्यवस्था एवं कुप्रशासन फेला है। दरअसल यह आग लॉस एंजेलिस के उत्तरी भाग में लगी, जिसने बाद में कई बड़े शहरों को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवाओं व सूखे मौसम के कारण आग ज्यादा भड़की है। सूखे पेड़-पौधे तेजी से आग की चपेट में आ गए। हालांकि, आग लगने का ठोस कारण अभी तक पता नहीं चला है। हकीकत है कि जंगलों में 95 फीसदी आग इंसानों द्वारा ही लगायी जाती है। वैसे जलवायु परिवर्तन प्रभावों के चलते बदले हालात में अब पूरे साल आग लगने की आशंका बनी रहती है।

अमेरिका दुनिया पर अपना एकछत्र शासन चाहता है। कनाडा, ग्रीनलैंड एवं पनामा को अमेरिका में शामिल करना चाहते हैं। मतलब सीधा सा है जिसकी लाठी उसकी भैंस यानी पावर और पैसे के बल पर खुद को बलवान और सुपरपावर मुल्क समझने वाला अमेरिका एक आग के आगे बेबस नजर आ रहा है। कैलिफोर्निया के दक्षिणी हिस्से में शुरू हुई इस जंगल की आग ने अब लॉस एंजेलिस जैसे बड़े शहर को राख बना दिया है। पैलिसेड्स में 20 हजार एकड़, ईटन में 14 हजार एकड़, कैनेथ में 1000 एकड़, हर्सूट में 900 एकड़, लिडिआ में 500 एकड़ में आग फैली है। इन इलाके में राख के बारीक कणों व धुएं की चादर के कारण स्थानीय स्वास्थ्य इमरजेंसी घोषित की गई है। लोगों का जीवन इन सभी स्थानों पर दुर्भर हो गया है। लॉस एंजलिस की इस आग ने न केवल जीवन और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि सूखे और जलवायु परिवर्तन के प्रति गंभीर चेतावनी भी दी है। इससे निपटने के लिए दीर्घकालिक समाधान तलाशना बेहद जरूरी है। आज अमेरिका विकास की चरम अवस्था पार कर चुका है। यह आशंका सदैव बनी रही है कि अनियंत्रित विकास एवं प्रकृति विनाश के प्रति समय रहते नहीं चेतने की कीमत सृष्टि के विनाश एवं मानवता के धंस से चुकानी होती है, धरती का पर्यावरण नष्ट हो जाता है।

**चीन निकाल रहा भारत पर खुन्नस**

# प्रधानमंत्री मोदी की इन स्कीमों से चिढ़ा

(अमित शुक्ला)

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्कीमें चीन के टारगेट पर हैं। वह इन स?कीमों से जला-भुना जा रहा है। इन स्कीमों में खासतौर से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और मेक इन इंडिया जैसी स?कीमें हैं। चीन को लगता है कि इन स्कीमों के दम पर भारत उसका खेल बिगाड़ सकता है। यही सोचकर अब ड्रैगन ने भारत पर खुन्नस निकालने का पूरा प्लान बना लिया है। चीन ने उन चीजों की सप्लाई को रोकना शुरू किया है जिनके लिए उस पर निर्भरता है। मेक इन इंडिया या पीएम सूर्य घर जैसी स्कीमों पर इसका सीधा असर पड़ सकता है।**

चीन ने भारत की मेक इन इंडिया और पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली जैसी योजनाओं को टारगेट करने के लिए महत्वपूर्ण चीजों की सप्लाई रोकनी शुरू की है। इसका उद्देश्य भारत की उत्पादन क्षमता को नुकसान पहुंचाना है। इससे इलेक्ट्रॉनिक्स, सोलर पैनल और ईवी उद्योगों पर असर पड़ सकता है। सरकार समाधान ढूंढ रही है, पर समय लग सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्कीमें चीन के टारगेट पर हैं। वह इन स्कीमों से जला-भुना जा रहा है। इन स्कीमों में खासतौर से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और मेक इन इंडिया जैसी स्कीमें हैं। चीन को लगता है कि इन स्कीमों के दम पर भारत उसका खेल बिगाड़ सकता है। यही सोचकर अब ड्रैगन ने भारत पर खुन्नस निकालने का पूरा प्लान बना लिया है। चीन ने उन चीजों की सप्लाई को रोकना शुरू किया है जिनके लिए उस पर निर्भरता है। मेक इन इंडिया या पीएम सूर्य घर जैसी स्कीमों पर इसका सीधा असर पड़ सकता है।

चीन पर निर्भर इलेक्ट्रॉनिक्स, सोलर पैनल और ईवी जैसे उद्योगों को बड़ी मशीनें मंगवाने में दिक्कत आने लगी है। चीन सप्लाई को रोक रहा है। चीन की इस चाल का मकसद भारत में ऐपल सप्लायर फॉक?सकॉन, ईवी बनाने वाली बीवाईडी और लैपटॉप कंपनी लेनोवो जैसी कंपनियों की मैन्यूफैक्चरिंग बढ़ने से रोकना है। भारत में हाई-टेक मशीनें आसानी से नहीं मिलती हैं। ऐसे में कंपनियों के लिए उत्पादन बढ़ाना मुश्किल हो रहा है। सरकार को इस बारे में बताया गया है। समाधान ढूंढे जा रहे हैं। लेकिन, अभी कुछ समय तक फॉक?सकॉन और ऑटो सेक्टर की जॉइंट वेंचर जैसी बड़ी कंपनियों को नुकसान होगा।

**मेक इन इंडि?या स?कीम पर चोट-** यह पीएम मोदी की मेक इन इंडिया पहल पर सीधी चोट है। इस पहल का उद्देश्य भारत को ग?लोबल मैन?यूफैक?चरिंग हब के रूप में स्थापित करना है। इसके



जरिये भारत में मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे सरकार की स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करना और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की मंशा है। स्कीम के जरिये भारत में मैन्यूफैक्चरिंग यूनिटों को स्थापित करने के लिए विदेशी कंपनियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। चीन मुश्किल हालात से गुजर रहा है। चीनी निर्यात के खिलाफ अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ की दीवार खड़ी करने वाले हैं। चीनी और ताइवानी कंपनियां जैसे फॉक्सकॉन, पेगाट्रॉन और कोमपाल चीन से आंशिक रूप से जोखिम कम करना चाहती हैं। वे विदेशों में मैन्यूफैक्चरिंग यूनिटें स्थापित करना चाहती हैं। इसके लिए उन्हें भारत सबसे मुफीद दिख रहा है। चीन को भी लगने लगा है कि क्षेत्र में उसे अगर कोई चुनौती दे सकता है तो वह भारत है। 2020 में गलवान सीमा संघर्ष के बाद चीनी निवेश पर मोदी सरकार ने कई तरह के प्रतिबंध लगाए थे। लेकिन, धीरे-धीरे इनमें राहत दी गई है।

**पीएम मोदी की इन स्कीमों पर पड़ेगा असर-** सोलर पैनल और ईवी जैसे उद्योगों की सप्लाई रोककर चीन की मंशा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली, फेम योजना और पीएम ई-ड्राइव जैसी योजनाओं को टारगेट करना है। देशवासियों को स्वच्छ ऊर्जा की ओर ले जाने और बिजली बिलों में कमी लाने के लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर घरों को बिजली दी जाती है। सरकार सोलर पैनल लगाने पर सब्सिडी देती है। इससे लोगों को सोलर पैनल लगाने में आर्थिक मदद मिलती है। फेम योजना इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण और उपयोग को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है। इस योजना के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर सब्सिडी दी जाती है। वही, पीएम ई-ड्राइव योजना भी इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है। इस योजना के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर सब्सिडी के साथ-साथ चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर जोर है।

## वर्ग पहेली 5614

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | | |
| 8 | | ■ | 9 | | | ■ | ■ |
| | ■ | 10 | | ■ | 11 | 12 | 13 |
| ■ | 14 | | | 15 | ■ | 16 | |
| 17 | ■ | | ■ | | ■ | 18 | |
| ■ | 19 | | 20 | ■ | 21 | | ■ |
| 22 | | ■ | 23 | | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 28 अगस्त 1913 को जन्मी ये भोपाल रियासत की राजकुमारी जिन्हें भारत की पहली पायलट होना का गौरव प्राप्त है (6)
6. फेसला करने वाला, न्यायकर्ता (2)
7. न्यायालय में दिया गया प्रार्थना पत्र (3)
8. जल नितल, तलछट (2)
9. अधिकार क्षेत्र, वृत्त (3)
10. निर्णीत, निश्चय किया हुआ (2)
11. स्तुति करने वाला, प्रशंसक (3)
14. अंदाज, अनुमान, कयास (4)
16. पुरुष, मर्द (2)
17. गीष्म ऋतु में चलने वाली तप्त हवा (1)
18. 12 अगस्त 1987 को संसद में पास किए अधिनियम के अनुसार यह राज्य भारत संघ का 15 वां राज्य बन गया (2)
19. स्फूर्त, चटक, चुस्त, मुस्तैद (3)
21. नृत्य, संगीत-गीत के अनुसार अंगों का संचालन (2)
22. हरियाण की एक प्रसिद्ध जाति (2)
23. पति, खाविंद, भूर्तिभर्ता (4)

**ऊपर से नीचे**

1. वर्तमान दौर का एक न्यूज चैनल (4)
2. इंद्र वज्र, मेघ विद्युत (3)
3. सुख देने वाला, नव मार्ग (4)
5. बांग्लादेश की प्रचलित मुद्रा (2)
10. किनारे पर होने या रहने वाला (4)
12. वन में विचरण करने वाला या रहने वाला, बहेलिया, व्याघ्र (5)
13. धातु या मिट्टी का बना टोंटीदार लोटा जो पूजा आदि में पयुक्त होता है (3)
15. निशाना, गंतव्य स्थान (2)
19. लंबाई की एक नाम जो 12 इंच के बराबर होती है (2)
20. फायदा, मुनाफा, परिणाम प्राप्ति (2)
21. रिश्ता, संबंध (2)

**वर्ग पहेली 5613 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | के | श | ■ | ■ | का | ति | ब |
| आ | ला | प | क | ■ | मा | ल | वा |
| य | ■ | व | ल | प | क्षी | ■ | सी |
| ना | पा | क | ■ | ल | ■ | ■ | र |
| ■ | क | र्ता | र | ■ | सो | फा | ■ |
| आ | न | ■ | सि | त | म | ग | र |
| न | ज | र | क | र | ना | ■ | फू |
| न | र | म | ■ | ना | थ | ना | ■ |

# सिर्फ चाय पर जिंदा हैं मौनी बाबा, 41 साल से त्याग रखा है अन्न-जल

(राघवेंद्र शुक्ला)

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम किनारे लगे आस्था के जन समागम महाकुंभ में भक्ति, त्याग और साधना के कई रूप बिखरे पड़े हैं। कल्पवास की परंपरा का निर्वाह कर रहे लाखों कल्पवासियों में इसकी एक झलक देखने को मिल रही है। ऐसे ही एक कल्पवासी हैं दिनेश स्वरूप ब्रह्मचारी।

इनका संकल्प और त्याग सुनकर हर कोई हैरत में पड़ जाएगा। यूपी के बुंदेलखंड के महोबा के रहने वाले दिनेश स्वरूप ब्रह्मचारी के पिता एक विद्यालय में प्राचार्य थे। पिता की मृत्यु के बाद अनुकंपा में शिक्षक की नौकरी मिली, लेकिन वह नौकरी करने की जगह गृहस्थ जीवन से विरक्त हो गए। दिनेश स्वरूप ब्रह्मचारी की कल्पवास की दुनिया भी अलग है। ब्रह्म मुहूर्त में उठकर गंगा स्नान करने के बाद वह अपनी पूजा आराधना करते हैं। इसके बाद वह अपने हाथ से दंड धारण करने वाले 51 दंडी स्वामी साधुओं के लिए भोजन तैयार करते हैं। उन्हें भोजन कराते हैं लेकिन खुद भोजन नहीं करते हैं। जमीन पर ही वह रात्रि में सोते हैं।

**लोग बुलाते हैं पयहारी बाबा-** दिनेश स्वरूप बताते है कि लगातार 41 साल से वह कल्पवास कर रहे हैं। इस हिसाब से देखा जाए तो दिनेश स्वरूप महाकुंभ में सबसे अधिक समय से कल्पवास करने वाले कल्पवासी हैं। दिनेश स्वरूप ब्रह्मचारी अपने संकल्प के पक्के हैं। वह बताते हैं कि आज से 41 साल पूर्व उन्होंने अखंड कल्पवास की शुरुआत की। उसी दिन से उन्होंने अन्न और जल त्याग दिया। वह सिर्फ चाय पीते हैं इसलिए लोग उन्हें पयहारी के नाम से भी बुलाते है।

**डॉक्टरों के कहने पर भी नहीं बदला संकल्प-** उन्होंने जब यह संकल्प लिया तो डॉक्टरों ने उन्हें बहुत समझाया लेकिन, उन्होंने अपना संकल्प नहीं बदला। मौनी महाराज की दो ओपन बाईपास सर्जरी हो चुकी हैं। अस्सी फीसदी हार्ट भी काम नहीं करता बावजूद इसके वह पूरी तरह फिट है। खुद डॉक्टर भी उनके इस संकल्प और जिजीविषा से हैरान हैं। कल्पवासी दिनेश स्वरूप के इष्ट देवता बाल जी भगवान हैं। कल्पवासी क्षेत्र के सेक्टर 17 के नागवासुकी मार्ग के एक साधारण से शिविर में कल्पवास कर रहे दिनेश स्वरूप ब्रह्मचारी प्रतिदिन शिक्षा का दान देते हैं।

**प्रसाद में छात्रों को देते हैं नोट्स-** शिविर में उनके मंदिर में बाला जी भगवान की तस्वीर के साथ पीसीएस परीक्षा में तैयारी करने के लिए पढ़ी जाने वाली हजारों पुस्तकें मिलेंगी। दिनेश स्वरूप खुद बीएससी बायो है। अपने संकल्प को जीवन का मिशन बनाते हुए वह हर समय इन पुस्तकों से नोट्स बनाते रहते हैं। इन नोट्स को वह प्रशासनिक परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रतियोगी छात्रों को प्रसाद के तौर पर देते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष**

आज लाभ का दिन है और कार्यक्षेत्र में आपकी अनुकूलता बनी रहेगी। आपको कार्यक्षेत्र में हर प्रकार का सहयोग प्राप?त होगी और आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी। बुद्धि विवेक से लिए गए निर्णय लाभ देंगे और आपको तरक?की प्रदान करेंगे।

**वृष**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन कार्यक्षेत्र में सुखद बीतेगा। कहीं से कोई शुभ समाचार मिलने से आपको हर्ष का अनुभव होगा। सेहत के प्रति सावधान रहें और शाम के वक्त चिर प्रतीक्षित अतिथि के आगमन का हर्ष हो सकता है।

**मिथुन**

आज सफलता प्राप?त होगी और आपके धन में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। व्यापार के लिए नई योजनाएं बनेंगी। ऋण भार में कमी होगी। संतान पक्ष से आपको पूर्ण सुख और सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क**

कारोबार में आपके लिए तरक?की के संयोग बन रहे हैं। आपकी भौतिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी और आपके लिए रुके कार्य पूर्ण होंगे। कुटुम्बीजनों और ऑफिस में सहकर्मियों के साथ आपका विवाद बढ़ सकता है।

**सिंह**

आज दिन सफलता से भरा होगा। महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए दिन शुभफलदायक रहेगा। यात्रा में लाभ होगी और दोपहर के बाद किसी से विवाद हो सकता है। किसी उच्च अधिकारी से वाद-विवाद होने पर कानूनी पक्ष नया मोड़ ले सकता है।

**कन्या**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके जीवन में चल रहे विवादों का अंत होगा। आपके खर्चे कम हो जाने से आपकी अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। अच्छे वाहन का सुख प्राप्त होगा। आपके घर में किसी कारण से विवाद बढ़ सकता है।

**तुला**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होने से आपका आत?मविश?वास काफी बढ़ सकता है। नौकरी वाले जातकों के अधिकारों में वृद्धि होगी। प्रतियोगी परीक्षा या राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में आपको विजय प्राप्त होगी।

**वृश्चिक**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और किसी महान अधिकारी से आपकी भेंट और वार्ता हो सकती है। आपको खाने को उत्तम प्रकार के व्यंजन मिलेंगे। खान-पान पर विशेष नियंत्रण भी रखें अन्यथा पेट खराब हो सकता है।

**धनु**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और शुभ कार्य में आ रही सभी बाधाएं दूर होंगी। नवीन व्यापार के लिए नई योजनाएं बनेंगी जो आगे चलकर धन लाभ कराएंगी। आज आपको भाई बहनों का सुख और सहयोग प्राप्त होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मकर**

आज लाभ के योग हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने से हर्ष होगा और आपके लिए तरक्की के योग हैं। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर होगी। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त होगी और आप अपने सभी कार्य बहुत ईमानदारी के साथ करेंगे।

**कुंभ**

आज करियर के मामले में लाभ का दिन है। आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है और आपके लिए अधिक खर्च की स्थिति बन सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैधानिक पहलुओं को गंभीरता से सोच लें और अपने काम पर फोकस करें।

**मीन**

आज सफलता का दिन है और आपका दिन काफी व्यस्तता में बीतेगा। बिजनस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। शाम के समय घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आपका दिमाग भी रिलैक्स होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### महाकुंभ में स्नान कर रहे थे एनसीपी नेता, त्रिवेणी संगम में ही हो गई मौत





**सोलापुर, एजेंसी।** सोलापुर के पूर्व महापौर और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेता महेश कोठे की मंगलवार को प्रयागगाज के त्रिवेणी संगम पर स्नान करते समय दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। उनके करीबी ने यह जानकारी दी। वह 60 वर्ष के थे। घटना सुबह करीब साढ़े सात बजे गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदी के त्रिवेणी संगम पर हुई। उन्होंने कहा, कोठे (मकर संक्रांति पर) अमृत स्नान के लिए त्रिवेणी संगम गए थे। नदी के पानी में उन्हें दिल का दौरा पड़ा। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। कोठे का पार्थिव शरीर बुधवार को अंतिम संस्कार के लिए सोलापुर लाया जाएगा। कोठे ने 20 नवंबर को सोलापुर (उत्तर) से भाजपा के विजय देशमुख के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। कोठे के परिवार में पत्नी और एक बेटा है। प्रयागराज में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। विभिन्न अखाड़ों के संतों ने मकर संक्रांति के अवसर पर महाकुंभ में पहला अमृत स्नान किया। सुबह 8:30 बजे तक 1.38 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। एनसीपी (सक्) के प्रमुख शरद पवार ने कोठे के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, मेरे पुराने सहयोगी महेश कोठे का प्रयागराज में निधन हो गया। महेश कोठे का सोलापुर शहर के सामाजिक व राजनीतिक परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव था। उनके निधन से सोलापुर ने एक गतिशील और समर्पित कार्यकर्ता खो दिया। हम सभी दुख की इस घड़ी में कोठे परिवार के साथ खड़े हैं। हार्दिक संवेदना!

### बच्चों की सुरक्षा पर नहीं होनी चाहिए राजनीति - बांसुरी स्वराज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह के बच्चों को लेकर दिए बयान पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि संजय सिंह ने जो बयान दिया है, वह बहुत ही शर्मसार करने वाला है। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने आईएएनएस से खास बातचीत में कहा, बहुत ही गंभीर बात है कि संजय सिंह, बच्चों की सुरक्षा को लेकर राजनीति कर रहे हैं। मैं संजय सिंह को याद दिलाना चाहूंगी कि इन्होंने पुरजोर तरीके से इसके सबूत मांगे थे। हालांकि, जब तफ्तीश की गई तो यह पता चला कि खुद आम आदमी पार्टी के एक नहीं बल्कि दो-दो विधायकों ने अपने लेटरहेड पर घुसपैठी रोहिंग्या के आधार कार्ड बनाने के लिए चिट्ठियां लिखी थीं। उन्होंने कहा, शराब घोटाले में भी संजय सिंह ने बहुत ऊंची आवाज में सबूत मांगे थे। दिल्ली हाई कोर्ट ने पाया कि इसमें प्रथम दृष्टया मामला बनता है। 90 से 100 करोड़ के किकबैक आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने लिए और इसका दुरुपयोग गोवा के चुनाव में उन्होंने किया। बांसुरी स्वराज ने कहा, शराब घोटाला मामले में केजरीवाल और अन्य आम आदमी पार्टी के नेताओं को जेल भी जाना पड़ा। इतना ही नहीं, केजरीवाल को तो मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा भी देना पड़ा। इसी तरह शीश महल में भी संजय सिंह ने सबूत मांगे थे, उसका क्या हुआ। कैग रिपोर्ट आई (जिसका भाजपा के नेता दावा कर रहे हैं), दूध का दूध और पानी का पानी हो गया। सबको पता चला कि केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की सरकार ने कोविड के समय दिल्ली के टैक्स के पैसे से अपने लिए शीश महल बनाया।

### मोहन भागवत का बयान राजद्रोह जैसा, किसी और देश में गिरफ्तार हो चुके होते: राहुल गांधी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरएसएस चीफ मोहन भागवत के राम मंदिर वाले बयान को राजद्रोह जैसा बताया है। मोहन भागवत ने कहा था कि राम मंदिर बनने के बाद ही देश को सच्ची स्वतंत्रता मिली थी। इसी को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि ऐसा कहना हर भारतीय का अपमान है। उन्होंने कहा कि यदि किसी दूसरे देश में मोहन भागवत ने ऐसा कहा होता तो अब तक उनकी गिरफ्तारी हो जाती। भागवत ने सोमवार को कहा था कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि 'प्रतिष्ठा द्वादशी' के रूप में मनाई जानी चाहिए क्योंकि अनेक सदियों से दुश्मन का आक्रमण झेलने वाले देश को सच्ची स्वतंत्रता इस दिन मिली थी। राहुल गांधी ने कहा, 'भागवत ने जो कहा है वह राजद्रोह के समान है क्योंकि उनके कहने का मतलब है कि संविधान अवैध है, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई अवैध है... किसी दूसरे देश में तो अब तक उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता और उन पर मुकदमा चलाया जाता।' उन्होंने कहा कि भागवत का यह बयान हर भारतीय का अपमान है। राहुल गांधी ने कहा कि अब समय आ गया है जब इस तरह की बकवास सुनना बंद होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'दो विचारों के बीच लड़ाई है। एक हमारा विचार है जो संविधान का विचार है और दूसरी तरफ आरएसएस का विचार है जो इसके उलट है।' कांग्रेस नेता ने कहा, 'देश में कोई दूसरा दल नहीं है जो भाजपा और आरएसएस के एजेंडे को रोक सके। सिर्फ कांग्रेस ही इन्हें रोक सकती है।

# क्या अमृतपाल सिंह के पार्टी बनाने से कांग्रेस को होगा फायदा?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जेल में बंद खालिस्तानी अमृतपाल सिंह के समर्थकों और परिजनों ने मिलकर मंगलवार को नई पार्टी के गठन का ऐलान कर दिया। अमृतपाल सिंह की इस पार्टी का नाम अकाली दल (वारिस पंजाब दे) होगा। नाम से ही साफ है कि पंजाब के पंथिक वोटरों को ध्यान में रखते हुए अमृतपाल सिंह ने पार्टी के गठन का फैसला लिया है। बीते कुछ सालों में अकाली दल काफी कमजोर हुई है और अब उसमें नेतृत्व का संकट पैदा हो गया है। सुखबीर सिंह बादल अध्यक्ष पद से हट चुके हैं। उनके पिता प्रकाश सिंह बादल अब नहीं हैं और पत्नी हरसिमरत कौर बादल एक सांसद के तौर पर ही काम कर रही हैं। ऐसे में बादल फैमिली का होल्ड अकाली दल से खत्म सा हो गया है और वह दोफाड़ नजर आ रही है। ऐसी स्थिति में पंथिक वोटरों को अमृतपाल सिंह लुभाना चाहता है। लेकिन इससे 2022 में सत्ता खोने वाली कांग्रेस की उम्मीदें बढ़ गई हैं। कांग्रेस को लगता है कि अकाली दल के पतन से जो पंथिक वोट आम आदमी पार्टी के खाते में एकतफा गए थे, उनमें बंटवारा होगा। अमृतपाल सिंह की पार्टी को यदि पंथिक वोटरों ने समर्थन दिया तो आम आदमी पार्टी का वोट कम होगा और उसका सीधा लाभ कांग्रेस को मिल सकता है। अमृतपाल सिंह की ओर से दल के गठन को लेकर बयान भी जारी किया गया है, जिसमें कहा गया कि हमारा पहला



कदम यह होगा कि अकाली राजनीति को मजबूत किया जाए। उसे फिर से सूबे में उभारा जाए। सुखबीर सिंह बादल भी कह चुके हैं कि अकाली दल की राजनीति को खत्म करने के लिए अमृतपाल सिंह की पार्टी बनवाई जा रही है। फरीदकोट लोकसभा सीट के सांसद सरबजीत सिंह खालसा ने भी इस पार्टी को समर्थन दिया है और लॉन्चिंग पर मौजूद थे। वह इंदिरा गांधी के हत्यारे के बेटे हैं। उन्होंने भी धार्मिक मामलों को ही आधार बनाते हुए चुनाव प्रचार किया था और जीत हासिल की थी। सिमरनजीत सिंह मान, अमृतपाल सिंह और सरबजीत खालसा जैसे नेताओं के उभार के बाद नया दल ही बन जाने से कांग्रेस की उम्मीदें परवान चढ़ रही हैं। पार्टी को लगता है कि अकाली दल से छिटका वोटर आप के पास गया था और अब अमृतपाल की पार्टी उसे विकल्प के तौर पर मिल सकती है। ऐसे में आप का वोट प्रतिशत घट जाएगा। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर राजा वड़िंग ने इसे लेकर कहा कि अभी तो कुछ नहीं कह सकते। भविष्य में देखते हैं कि क्या परिणाम आता है। लेकिन यह सही है कि शिरोमणि अकाली दल ने अपनी राजनीतिक जमीन खो दी है। यह भविष्य में ही पता लगेगा कि अमृतपाल सिंह का एजेंडा क्या शक्ल लेता है। वहीं नेता विपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि नया अकाली दल बनाने में कुछ गलत नहीं है, लेकिन यह ध्यान देना होगा कि वह अतिवाद की ओर न बढ़ने पाए। उन्होंने कहा कि ऐसा हुआ तो पंजाब में बड़ा संकट होगा, जो पहले ही ड्रग्स, कानून व्यवस्था की समस्या से जूझ रहा है। अब यदि किसी राजनीतिक दल ने अतिवादी रास्ता अपनाया तो नई सामाजिक समस्या खड़ी हो जाएगी।

### यह कहते हुए दुख होता है, लेकिन हमारी पार्टी की हालत कांग्रेस जैसी हो गई है: विधायक भास्कर जाधव

**रत्नागिरी, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हार के बाद शिवसेना यूबीटी के सामने नई चुनौती खड़ी हो रही है। नेता खुले मंचों से पार्टी के कामों की आलोचना कर रहे हैं। हाल ही में एक वरिष्ठ नेता और विधायक ने शिवसेना यूबीटी की तुलना कांग्रेस की हालत से कर दी। खास बात है कि ये घटनाक्रम ऐसे समय पर हुए हैं, जब मुंबई में बीएमसी यानी बृहन्मुंबई महानगरपालिका की तैयारियां जारी हैं। विधायक भास्कर जाधव ने पार्टी के काम करने के तरीकों पर सवाल उठा दिए। सोमवार को उन्होंने रत्नागिरी जिले में चिपलून और आसपास के क्षेत्रों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी। उन्होंने कहा, यह कहते हुए दुख होता है, लेकिन हमारी पार्टी की हालत कांग्रेस जैसी हो गई है। हमारे पास काम नहीं करने वाले पदाधिकारियों और नेताओं को हटाने की हिम्मत नहीं है। वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों के सुझाव सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया है कि पार्टी के पदाधिकारियों का निश्चित कार्यकाल होना चाहिए। खास बात है कि उस दौरान बैठक में पूर्व सांसद विनायक राउत और उद्धव ठाकरे के करीबी संजय कदम भी मौजूद थे। जाधव ने कहा, हमें गलत फैसलों पर विचार करना होगा और आगे की प्रक्रिया बेहतर करनी होगी।

### स्मृति ईरानी, शेखर कपूर पीएमएमएल के सदस्य बने, नृपेंद्र मिश्रा एक बार फिर कार्यकारी परिषद के अध्यक्ष





**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) की सोसायटी और कार्यकारी परिषद का मंगलवार को पुनर्गठन किया गया, जिसमें कई नए सदस्य शामिल किए गए हैं। प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव नृपेंद्र मिश्रा को एक बार फिर कार्यकारी परिषद का अध्यक्ष बनाया गया है। इस बार कई प्रमुख नाम पीएमएमएल की सोसायटी में शामिल हुए हैं। इनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार, सेवानिवृत्त जनरल सैयद अता हसनैन, प्रसिद्ध फिल्म निर्माता शेखर कपूर और संस्कार भारती के वासुदेव कामत शामिल हैं। ये लोग संस्था में अपनी विविध अनुभव और विशेषज्ञता लेकर आएंगे, जो पीएमएमएल के विकास को एक नई दिशा देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोसायटी के अध्यक्ष और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उपाध्यक्ष बने रहेंगे। सोसायटी के सदस्यों की संख्या भी 29 से बढ़ाकर 34 कर दी गई है। यह विस्तार संस्कृति मंत्रालय द्वारा जारी किए गए पुनर्गठन आदेश के तहत किया गया है। नई सोसायटी और परिषद का कार्यकाल पांच साल का होगा। हालांकि, कुछ पुराने सदस्यों को पुनर्गठन में बाहर कर दिया गया है। इनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष राम बहादुर राय और पत्रकार रजत शर्मा शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि पीएमएमएल की सोसायटी में अब राष्ट्रीय विकास में योगदान देने वाले कई महत्वपूर्ण व्यक्तित्व शामिल हुए हैं। इनमें प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल और राष्ट्रीय शिक्षा नीति को तैयार करने में भूमिका निभाने वाले शिक्षाविद् चामू कृष्ण शास्त्री शामिल हैं।

## दिल्ली विधानसभा चुनावों में हमें केजरीवाल की मदद करनी चाहिए: शरद पवार

**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा और उसके गठबंधन के खिलाफ बने विपक्षी महागठबंधन इंडिया अलायंस के एक और साथी दल ने कांग्रेस को करारा झटका दिया है। अलायंस के बड़े घटक दल और वरिष्ठ नेता शरद पवार ने दो टूक कहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनावों में हमें केजरीवाल की मदद करनी चाहिए। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, मुंबई में मीडिया से बात करते हुए शरद पवार ने दिल्ली चुनावों पर कहा, दिल्ली विधानसभा चुनाव में मेरी भावना है कि हमें अरविंद केजरीवाल की मदद करनी चाहिए। हालांकि, इंडिया अलायंस पर उन्होंने भी यह बात साफ की कि इस अलायंस के तहत कभी भी राज्य विधानसभाओं के चुनाव या लोकल बॉडी इलेक्शन पर कोई बातचीत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इस गठबंधन के फोरम पर हमेशा राष्ट्रीय चुनावों पर ही चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय चुनावों के मद्देनजर समान विचारधारा वाली पार्टियों की एकजुटता के लिए बना था। पवार ने ये भी कहा कि महाराष्ट्र में आगामी नगर निगम चुनावों के लिए इंडिया अलायंस यानी महा विकास अघाड़ी के घटक दल 8-10 दिनों में बैठक करेंगे।

## पानीपत की भूमि वीरों की भूमि है, जो वीरता और एकता को दर्शाती है: देवेंद्र फडणवीस

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि पानीपत की भूमि वीरों की भूमि है, जो वीरता और एकता को दर्शाती है और इसका संदेश भी देती है। यहीं से मराठों को एकता में रहने का सूत्र मिला और इसके बाद मराठों ने भगवे के स्वाभिमान को आगे बढ़ाते हुए हिंद स्वराज की स्थापना की। मराठों ने वीरता दिखाते हुए मंदिरों, आस्था स्थलों, पूजा स्थलों को तोड़ने वाले आक्रांताओं को सबक सिखाते हुए पुनः हिन्दुस्तान में भगवे की स्थापना की। मराठे संकुचित भावना को छोड़ देव, देश और धर्म के लिए लड़े। वे जिस मुहिम में हार गए थे, उसको दोबारा स्थापित किया। पानीपत की भूमि मराठों, वीरों के रक्त से सिंचित भूमि है। अगर उस समय देश के अन्य राजा मराठों की मदद के लिए आगे आते तो अब्दाली हार जाता। अगर उस समय एक होते तो सेफ होते। एक नहीं थे तो सेफ भी नहीं थे। पानीपत में लगाएंगे छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस मंगलवार को पानीपत के काला आम्ब स्थित स्थल पर शौर्य स्मारक समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र सरकार शामिल होगी। यह कार्यक्रम हरियाणा सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होगा। इसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह को सम्मिलित होने का आग्रह किया जाएगा और इस



स्थल को विकसित करने की रूपरेखा पर विस्तृत कार्य किया जाएगा। देवेंद्र फडणवीस ने कहा, कि पानीपत की शौर्य भूमि पर शौर्य के प्रतीक के रूप में छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा स्थापित करेंगे, ऐसा संकल्प मैं करता हूं। किसानों ने शौर्य स्मारक के लिए आवश्यक भूमि के विस्तार पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है, जिन किसानों को जमीन के लिए अभी तक मुआवजा नहीं मिला है, उनको महाराष्ट्र सरकार द्वारा उचित मूल्य दिया जाएगा।

**आज सभी को भगवा ध्वज और तिरंगे के नीचे आने की जरूरत :** फडणवीस ने कहा कि भारत के इतिहास में छत्रपति शिवाजी महाराज इकलौते ऐसे नायक है कि जिन्होंने देश का इतिहास बदल दिया। देश ऐसी अवस्था में था कि शायद हमसे से कोई हिंदू कहलाने लायक नहीं बचता। तब मां जिजाऊ ने ऐसे वीर पुत्र को जन्म दिया और कसम दी आंक्राताओं को हटाने का लक्ष्य दिया। मां भवानी देव देश और धर्म के लड़ूंगा। छत्रपति शिवाजी महाराज ने जाति-पाति विहीन ऐसी मावड़ों की सेना बनाई। उन्होंने मुगलों से लड़ाई लड़ी। छत्रपति शिवाजी ने मुगलों को पराजित करके स्वराज्य की स्थापना की। उसके बाद हमारा मराठा साम्राज्य रुका नहीं। छत्रपति संभाजी महाराज ने जिस प्रकार से लड़ते-लड़ते उसी जमीन में औरंगजेब को जमीन में दफन कराया। मराठाओं ने जब संस्कार, संस्कृति और हिंदुत्व पर हमला हो रहा था, देश में हमारे उपासना स्थलों को तोड़ा जा रहा था, तब मुगलों से लड़ाई लड़ी। फडणवीस ने कहा कि यह मराठाओं की देन है कि आगे चलकर बाजीराव पेशवा के काल में तो अटक से लेकर कटक तक हिदवी स्वराज्य का विस्तार कर देश, धर्म एवं संस्कृति रक्षण का कार्य किया। फडणवीस ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने भगवा ध्वज के नीचे सबको एक साथ लाए। आज हम सभी को भगवा ध्वज और तिरंगे के नीचे एक साथ आने की जरूरत है।

## नए कांग्रेस दफ्तर के नाम पर विवाद, इंदिरा भवन के बाहर लगे मनमोहन के पोस्टर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अब नए दफ्तर में शिफ्ट होने जा रही है। इसी के साथ राजनीति में नया विवाद भी खड़ा होता दिख रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह को नजरअंदाज करने के आरोप लगाए हैं। दरअसल, नए भवन की पहचान पूर्व पीएम दिवंगत इंदिरा गांधी के नाम पर रखी गई है। हालांकि, कांग्रेस ने भी इस मामले में सफाई दी है।

**भाजपा के आरोप :** भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, कांग्रेस के नए दफ्तर के बाहर पोस्टर लगे हैं, कांग्रेस के समर्थकों ने ही लगाया होगा कि इस भवन का नाम इंदिरा गांधी के नाम पर नहीं, मनमोहन सिंह के नाम पर रखना चाहिए। कांग्रेस पार्टी पर एक परिवार के आगे सोच नहीं पाती। स्मारक पर कांग्रेस की तरफ से कैसी ओछी राजनीति की गई, हमने देखा। लेकिन मनमोहन सिंह जी के राष्ट्रीय शोक का समय था, तब राहुल गांधी पार्टी के लिए निकल गए...। उन्होंने पीवी नरसिम्हा राव, प्रणब मुखर्जी समेत कई नेताओं का




अपमान करने के आरोप भी कांग्रेस पर लगाए। उन्होंने लिखा, कांग्रेस ने डॉक्टर मनमोहन सिंह के सम्मान पर गंदी राजनीति की, लेकिन अब नए दफ्तर का नाम उनके नाम पर रखने की भारी मांग के बाद भी उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया और इंदिरा गांधी के नाम पर भवन का नाम रखा गया। सिख समुदाय को गाली देना और अपमानित करना और हमेशा परिवार को सबसे पहले रखना शर्मनाक मानसिकता है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन कुमार बंसल ने मामले में सफाई दी है। उन्होंने कहा है कि नए भवन का नाम पहले से ही तय किया गया था और ऐसे में इस तरह की मांग करना ठीक नहीं है। पूर्व पीएम सिंह का बीते साल 26 दिसंबर को 92 साल की उम्र में निधन हो गया था। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कहा, यह हम सभी जानते हैं कि कांग्रेस का इतिहास 140 साल पुराना है... यह साल 2010 में ही तय हो गया था।

## कर्नाटक कांग्रेस में तकरार! आए नए मुख्यमंत्री दावेदार, सिद्धारमैया के पूरे हो रहे हैं ढाई साल

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में अगले मुख्यमंत्री को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि, अब तक पार्टी या किसी नेता ने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। इसी बीच खबरें हैं कि राज्य सरकार में मंत्री आरबी टिम्मापुर ने भी सीएम बनने की इच्छा जाहिर कर दी है। खास बात है कि ये घटनाक्रम ऐसे समय पर हो रहे हैं, जब मुख्यमंत्री सिद्धारमैया लगभग आधा कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। 2023 में चुनाव जीतने के बाद राज्य में कथित तौर पर ढाई साल बाद सीएम बदलना तय हुआ था। टिम्मापुर ने कहा, दलित को क्यों मुख्यमंत्री पद नहीं दिया जाना चाहिए? मुझे सीएम क्यों नहीं बनाया जाना चाहिए? खास बात है कि राज्य सरकार में दलित नेता कई अहम पदों पर रहे, लेकिन अब तक कोई भी सीएम नहीं रहा है। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री पद की रेस में डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार सबसे प्रबल दावेदार हैं। दरअसल, 2023 विधानसभा चुनाव में जीत के बाद कहा जा रहा था कि शिवकुमार सीएम पद के लिए दावेदारी पेश कर रहे हैं। हिन्दुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी के नेताओं का कहना है कि अपना उत्तराधिकारी चुनने के लिए सिद्धारमैया रणनीतिक रुख अपना रहे हैं। एक नेता ने कहा, यह खुला राज है कि वह दलित मुख्यमंत्री के आसपास चर्चाएं बढ़ा रहे हैं, ताकि पार्टी के अंदर विरोध को



कम किया जा सके। खासतौर से ऐसे समय पर जब उनका आधा कार्यकाल पूरा रहो रहा है। हालांकि, उनकी इस रणनीति का खासतौर से शिवकुमार कैंप विरोध कर रहा है। मामले के जानकार लोगों का कहना है कि दलित नेता पर सहमति बनाने के लिए एससी एसटी विधायकों की बैठक बुलाई गई थी, लेकिन कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला के दखल के बाद इसे रद्द कर दिया गया। कथित तौर पर शिवकुमार के कहने पर हस्तक्षेप किया गया था। जी परमेश्वरा का कहना है, जैसा कि दिखाया जा रहा कि इसे कैंसिल कर दिया गया है। ऐसा नहीं है, सिर्फ टाला गया है।

# मोहनलाल बडौली के फिर से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर लगा ग्रहण

**चंडीगढ़, एजेंसी।** रेप केस में फंसे हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। सोनीपत जिले की राई सीट से पूर्व विधायक बडौली को विधानसभा चुनाव से ठीक पहले प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इनके नेतृत्व में विपरीत परिस्थितियों में भी भाजपा ने तीसरी बार हरियाणा में सरकार बना ली, जिसके बाद मोहन लाल बडौली को भी खूब शाबाशी मिली। उम्मीद जताई जा रही थी कि मोहन लाल बडौली के प्रदेश अध्यक्ष के कार्यकाल की अवधि बढ़ाई जा सकती है, लेकिन दुष्कर्म जैसे संगीन आरोप लगने के बाद अब उनकी छवि को बड़ा झटका लगा है और उनका राजीतिक करियर मु?श्किलों में आ गया है।

**ब्राह्मण राजनीति का बड़ा चेहरा, इस बार हारे थे चुनाव :** 62 वर्षीय मोहन लाल मूल रूप से सोनीपत के बडौली के रहने वाले हैं। वह पेशे से किसान और व्यवसायी हैं। बडौली 10वीं पास हैं। 2024 के चुनावी हलफनामे के मुताबिक उनके पास 16 करोड़ से अधिक की संपत्ति है। वह जाति से ब्राह्मण हैं। आरएसएस से भी उनका गहरा नाता रहा है। वह 1989 से आरएसएस के सदस्य हैं। वह पूर्व में सोनीपत के भाजपा जिलाध्यक्ष रह चुके हैं जबकि



1995 में बीजेपी ने उन्हें मंडल अध्यक्ष बनाया था। बीजेपी ने 2024 लोकसभा चुनाव में उन्हें सोनीपत से टिकट दिया था लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। मोहन लाल बडौली को कांग्रेस के सतपाल ब्रह्मचारी ने 21816 वोटों से हराया था। 2019 विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने उन्हें सोनीपत की राई सीट से टिकट दिया था और उन्होंने यहां से जीत हासिल की जबकि राई कांग्रेस का गढ़ मानी जाती रही है। 2020 में बीजेपी ने उन्हें सोनीपत का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया था। 2021 में उन्हें प्रदेश महामंत्री बनाया गया और 2024 में दोबारा इस पद के लिए चुनाव गया। बीजेपी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्हें प्रदेश चुनाव समिति में भी शामिल किया था।

**भाजपा का असली चेहरा उजागर, अध्यक्ष के फंसने पर कांग्रेस हमलावर** हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली पर हिमाचल प्रदेश के कसौली में युवती से रेप का मामला दर्ज होने के बाद हरियाणा कांग्रेस भाजपा पर हमलावर हो गई है। ये एफआईआर हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन के कसौली थाना में दर्ज हुई है। हरियाणा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान और सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ गैंगरेप के गंभीर आरोपों में एफ.आई.आर. दर्ज होने से चाल, चरित्र, चेहरे की बात करने वाली भाजपा का असली चेहरा उजागर हो गया है। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि यह नौकरी के बदले दुष्कर्म प्रकरण हैं, जो बड़े स्तर पर दिखाई दे रहा है। इस तरह सत्ता के दुरुपयोग और अहंकार की पराकाष्ठा प्रदेश के इतिहास में नहीं देखी गई। इस घटना से साबित होता है।

# विमेंस इंडिया ने आयरलैंड को 304 रन से हराया

## टीम की सबसे बड़ी जीत, रिकॉर्ड 435 रन बनाए



**राजकोट, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम ने बुधवार को राजकोट में आयरलैंड के खिलाफ तीसरा वनडे 304 रन से जीता। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली है। टीम की रनों के लिहाज से यह सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकॉर्ड 249 रन का था, जब टीम ने 2017 में आयरलैंड को ही हराया था। टीम ने इस मैच में अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 5 विकेट पर रिकॉर्ड 435 रन बनाए। तीन दिन पहले भारत ने आयरलैंड के ही खिलाफ 370 रन बनाए थे।

यह विमेंस वनडे क्रिकेट का चौथा हाईएस्ट स्कोर है। हाईएस्ट स्कोर का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम है। कीवी टीम ने 2018 में आयरलैंड के ही खिलाफ 491 रन बनाए थे। उधर, कप्तान स्मृति मंधाना ने 70 गेंद में शतक लगाया। वे भारत की ओर से वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वालीं महिला क्रिकेटर बन गई हैं। स्मृति ने 80 गेंद में 135 रन की पारी खेली।

### प्रतीका और स्मृति मंधाना का शतक

भारतीय टीम ने बुधवार को राजकोट में टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। टीम ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 435 रन का स्कोर खड़ा किया और आयरलैंड को 436 रन का टारगेट दिया। जवाब में आयरलैंड टीम 31.4 ओवर में 131 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल ने शतक लगाया। मंधाना ने 80 बॉल पर 135 रन और प्रतीका ने 129 बॉल पर 154 रन बनाए। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 233 रन की साझेदारी हुई। ऋचा घोष ने 42 बॉल पर 59 रन की पारी खेली। आयरलैंड के लिए ओर्ला प्रेंडरगैस्ट ने 2 विकेट झटके। अर्लीन केली, फ्रेया सार्जेंट और जॉर्जिना डेम्पसे को 1-1 विकेट मिला।

चैलेंजर ट्रॉफी :

## शेफाली वर्मा ने बनाए 414 रन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेफाली वर्मा भले ही टीम इंडिया से बाहर चल रही हों. आयरलैंड के खिलाफ मुकाबला नहीं खेल रही हों. मगर घरेलू क्रिकेट में उनके बल्ले का धमाल जारी है. फिलहाल,उनका धमाका सीनियर महिलाओं की खेली जा रही वनडे चैलेंजर ट्रॉफी में दिखा है, जहां उन्होंने 414 रन बनाए हैं. जी नहीं, ये रन शेफाली की खेली एक नहीं बल्कि 5 पारियों का नतीजा है. भारत की ये महिला ओपनर लगातार 5वीं बार एक कमाल को अंजाम भी दे देतीं, अगर उन्होंने फाइनल में 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया होता.

सीनियर महिलाओं की वनडे चैलेंजर ट्रॉफी का फाइनल टीम, और टीम ख्र के बीच खेला जा रहा है. शेफाली ना सिर्फ टीम की खिलाड़ी हैं बल्कि कप्तान भी हैं. और इस दोहरी भूमिका में वो पूरे टूर्नामेंट में खरी उतरती दिखी हैं. उनकी उसी सफलता का असर है कि टीम ना सिर्फ फाइनल में पहुंची बल्कि यहां तक पहुंचाने में टीम के लिए सबसे ज्यादा रन भी उन्होंने ही बनाए. शेफाली वर्मा ने फाइनल में टीम के खिलाफ 21 गेंदों का सामना कर 26 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 1 छक्का शामिल रहा. ये टूर्नामेंट में उनका सबसे कम स्कोर है.



पेरिस ओलंपिकः

## छह महीने में ही खराब हुए पेरिस ओलंपिक के पदक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** हाल के दिनों में दुनिया भर के कई एथलीटों ने सोशल मीडिया पर खराब हुए पदकों की तस्वीरें पोस्ट की थी। यह पता चला है कि मनु के पदकों का रंग उतर गया है और वे खराब स्थिति में हैं। भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर के पेरिस ओलंपिक में जीते कांस्य पदक महज छह महीने में ही खराब पड़ने लगे और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता को उम्मीद है कि उनके ये पदक बदले जाएंगे। मनु उन खिलाड़ियों के बड़े समूह में से हैं जिन्होंने शिकायत की है कि उनके पदक खराब हो चुके हैं। मालूम हो कि पिछले साल जुलाई-अगस्त में पेरिस ओलंपिक का आयोजन हुआ था जिसमें मनु ने अलग-अलग वर्ग में दो कांस्य अपने नाम किए थे।

**कई एथलीटों ने की है शिकायत**

हाल के दिनों में दुनिया भर के कई एथलीटों ने सोशल मीडिया पर खराब हुए पदकों की तस्वीरें पोस्ट की थी। यह पता चला है कि मनु के पदकों का रंग उतर गया है और वे खराब स्थिति में हैं। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा कि क्षतिग्रस्त पदकों को मोनैई डे पेरिस (फ्रांस का राष्ट्रीय टकसाल) द्वारा व्यवस्थित रूप से बदला जाएगा। खिलाड़ियों को मिलने वाला नया पदक पुराने के समान ही होगा। प्रत्येक ओलंपिक पदक के केंद्र में लगे लोहे के टुकड़ों का वजन 18 ग्राम (लगभग दो-तिहाई औंस) होता है। मोनैई डे पेरिस फ्रांस के लिए सिक्के और अन्य मुद्रा तैयार करती है। पेरिस ओलंपिक की आयोजन समिति सभी क्षतिग्रस्त पदक बदलने के लिए मोनैई डे पेरिस के साथ मिलकर काम कर रही है। पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक 2024 में दिए गए पदकों में प्रतिष्ठित एफिल टॉवर के टुकड़े शामिल थे। पेरिस 2024 के लिए 5084 स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक महंगे आभूषण और घड़ी बनाने वाली कंपनी चौमेट द्वारा डिजाइन किए गए थे और मोनाई डे पेरिस ने इनका निर्माण किया था।

## इंडिया ओपन बैडमिंटन- सिंधु और सात्विक-चिराग दूसरे राउंड में



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले राउंड में भारत की पीवी सिंधु को जीत मिली है। उन्होंने चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन को सीधे गेम में हराया। दूसरी ओर लेट एंट्री लेने वालीं भारत की ही किरण जॉर्ज ने जापान की युशी तनाका को हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया है।

दिल्ली के केडी जाधव इनडोर स्टेडियम में टूर्नामेंट मंगलवार को ही शुरू हुआ। मेंस डबल्स में सात्विक-चिराग की जोड़ी ने भी राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली। उन्होंने मलेशिया के मैन टी की जोड़ी को 23-21, 19-21, 21-16 से हराया। सात्विक-चिराग की जोड़ी पेरिस ओलिंपिक में टॉप सीड होने के बावजूद मेडल नहीं जीत सकी थी। शादी के बाद पहले टूर्नामेंट में उतरीं सिंधु सिंधु ने पिछले साल दिसंबर में ही शादी की थी।

शादी के बाद पहला टूर्नामेंट खेल रहीं सिंधु को पहला मैच जीतने के लिए महज 51 मिनट लगे। सुंग शुओ ने शुरुआती गेम में बढ़त बनाई, लेकिन सिंधु ने कमबैक किया और 21-14, 22-20 से मैच अपने नाम कर लिया। जापानी प्लेयर से भिड़ेंगी सिंधु दूसरे राउंड में सिंधु का सामना वर्ल्ड नंबर-16 जापान की मनामी सुइजू से होगा। सिंधु ने मैच के बाद कहा, लंबे ब्रेक के बाद लय हासिल करना हमेशा मुश्किल होता है, लेकिन मैं सीधे गेम में मैच जीतकर खुश हूं। दूसरे गेम में मेरी शटल मिडकोर्ट में जा रही थी, लेकिन मुझे हमेशा भरोसा था कि मैं जीत सकती हूं। पीवी सिंधु ने पेरिस ओलिंपिक के बाद लम्बा ब्रेक लिया था।

## ऋषभ पंत ने दिल्ली के रणजी ट्रॉफी मैच के लिए उपलब्धता की पुष्टि की, इस टीम के खिलाफ खेलेंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सौराष्ट्र के खिलाफ अगले रणजी ट्रॉफी मैच में दिल्ली के लिए खेलने के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है। पंत ने आखिरी बार रणजी ट्रॉफी 2017-2018 सीजन के दौरान खेला था। अब वह राजकोट में सीधे टीम से जुड़ सकते हैं, जहां 23 जनवरी से मैच होने वाला है।

डीडीसीए प्रमुख रोहन जेटली ने बताया, ऋषभ पंत ने सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली के अगले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है।%विकेटकीपर बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में निराशाजनक प्रदर्शन किया था, जहां भारत का एक दशक से चला आ रहा दबदबा खत्म हुआ और 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 22 जनवरी से शुरू होने वाली इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20आई श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। दिल्ली फिलहाल ग्रुप डी में पांच मैचों में 14 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। दिलचस्प बात यह है कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, जिन्होंने आखिरी बार 2012 में रणजी ट्रॉफी में दिल्ली के लिए खेला था, ने शेष दो रणजी ट्रॉफी खेलों के लिए 38 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है।

मंगलवार को भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा 23 जनवरी से शुरू होने वाले 2024-25 रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण से पहले प्रशिक्षण सत्रों के लिए मुंबई की टीम में शामिल हुए। इसके अलावा शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल ने भी कर्नाटक के खिलाफ पंजाब के छठे दौर के रणजी ट्रॉफी मैच के लिए खुद को उपलब्ध कराया है। उन्होंने आखिरी बार 2022 में रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया था, तब उन्होंने अलूर में क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश के खिलाफ खेला था।

चैंपियंस ट्रॉफीः

## भारतीय कप्तान जाएंगे पाकिस्तान

### पीसीबी ने भव्य समारोह की योजना बनाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।**भारत चैंपियंस ट्रॉफी के अपने मैच तटस्थ स्थल पर खेलेगा लेकिन सूत्रों के मुताबिक टीम के कप्तान आठ साल के अंतराल के बाद इस प्रतिष्ठित आयोजन के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए मेजबान देश पाकिस्तान का दौरा करेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चैंपियंस ट्रॉफी के भव्य उद्घाटन समारोह की योजना बना रहा है, जो संभवतः 16 या 17 फरवरी को आयोजित किया जाएगा, बशर्ते अभ्यास मैच का कार्यक्रम तय हो। सभी टीम के कप्तान उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे, जो आईसीसी आयोजनों के लिए एक मानक अभ्यास है।

सूत्रों के मुताबिक, चैंपियंस ट्रॉफी के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए भारतीय टीम के कप्तान पाकिस्तान दौरा करेंगे क्योंकि पीसीबी ने 29 साल के बाद पाकिस्तान में एक बड़े अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट आयोजन की वापसी के लिए भव्य समारोह की योजना बनाई है। 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी 2025, मेजबान के रूप में पाकिस्तान का पहला प्रमुख द्वष्ट्र टूर्नामेंट होगा। इससे पहले पाकिस्तान ने भारत और श्रीलंका के साथ 1996 क्रिकेट विश्व कप की सह-मेजबानी की थी। टूर्नामेंट हाइब्रिड प्रारूप में खेला जाना है, जिसमें पाकिस्तान अधिकांश मैचों की मेजबानी



करेगा, लेकिन भारत के सभी ग्रुप मैच और पहला सेमीफाइनल दुबई में खेला जाएगा। अगर भारत फाइनल के लिए क्वालीफाई करता है तो इसे भी दुबई में स्थानांतरित कर दिया जाएगा; अन्यथा, लाहौर चैंपियनशिप मैच की मेजबानी करेगा। आठ टीमों के इस आयोजन में मेजबान पाकिस्तान के साथ अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका शामिल होंगे।

टूर्नामेंट की शुरुआत मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची में होने वाले मैच से होगी और बहुप्रतीक्षित भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला 23 फरवरी को दुबई में होने वाला है। तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के कारण भारत और पाकिस्तान केवल विश्व कप और एशिया कप जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में ही प्रतिस्पर्धा करते हैं।

भारतीय स्टार के भविष्य पर इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर का बयान

## कोहली का समय चला गया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व इंग्लैंड क्रिकेटर डेविड लॉयड ने स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली के टेस्ट भविष्य पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि उनका समय समाप्त हो गया है। कोहली हाल के दिनों में लंबे प्रारूप में खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं क्योंकि हाल के टेस्ट सत्र में उनका प्रदर्शन यादगार नहीं रहा। पूर्व भारतीय कप्तान ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक बनाया, लेकिन अपनी फॉर्म को जारी रखने में असफल रहे क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने ऑफ स्टंप के बाहर उनकी कमजोरी का फायदा उठाया।

लंबे समय से खराब फॉर्म के बाद भारतीय टेस्ट टीम में कोहली की जगह को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हाल ही में लॉयड ने कोहली के खराब प्रदर्शन पर अपने विचार साझा किए और कहा कि भारतीय बल्लेबाज अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से आगे निकल चुका है। उन्होंने ऑफ स्टंप के बाहर उनकी कमजोरी पर भी टिप्पणी की और कहा कि एक बार जब वह इंग्लैंड आएंगे, तो उन्हें एक बार फिर उस क्षेत्र में निशाना बनाया जाएगा।

लॉयड ने कहा, विराट कोहली जानते हैं कि वे अपने सर्वश्रेष्ठ से आगे निकल चुके हैं और इससे उन्हें दुख होगा। जब भारत इंग्लैंड आएगा, तो आपको पता होगा कि वे कहां होंगे। ऑफ स्टंप के ठीक बाहर, और बिजनेस एरिया स्लिप होगा। 36 साल की उम्र में उन्हें दिमाग में पता है कि उन्हें क्या करना चाहिए। आपकी सजगता धीरे-धीरे काम करती है। पोंटिंग ने कहा कि वे सामान्य से थोड़ा अधिक समय तक खेलते रहे। चयनकर्ताओं को पता होना चाहिए। वे उन महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्हें हमने देखा है, लेकिन वे अपने सर्वश्रेष्ठ से आगे निकल चुके हैं।

कोच गौतम गंभीर की भूमिका बहुत बड़ी होगी, क्योंकि वे उस ड्रेसिंग रूम में रहे हैं। उन्होंने समय खो दिया है। उनका समय खत्म हो गया है। इसके अलावा लॉयड ने कहा कि कोहली के पास समय नहीं है, उन्होंने उनकी कमजोर होती सजगता और प्रतिक्रिया समय का उल्लेख किया। लॉयड ने कहा, जब आप महान क्रिकेटरों के बारे में बात करते हैं, तो एक चीज जो बाकी लोगों के पास नहीं है, वह है समय। उसने समय खो दिया है। यह चला गया है। उसका समय चला गया है। यह उम्र के साथ आता है। हर कोई आपको बताता है कि आपको क्या करना है। गेंद को छोड़ दो जैसी चीजें, इसे अंत तक देखो। लेकिन यह चला गया है। ये महान अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज हैं।

ऑस्ट्रेलियन ओपनः

## नोवाक जोकोविच ने रोजर फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ा

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने 11वें खिताब की तलाश में उतरे जोकोविच ओपन एरा में सबसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम मुकाबले खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता जोकोविच ने 21 साल के पुर्तगाल के जैमी फरिया को चार सेटों में हराया और अगले दौर में जगह बनाई।

सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम के दौरान स्विट्जरलैंड के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर का सर्वकालिक रिकॉर्ड तोड़ दिया है। ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने 11वें खिताब की तलाश में उतरे जोकोविच ओपन एरा में सबसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम मुकाबले खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता जोकोविच ने 21 साल के पुर्तगाल के जैमी फरिया को चार सेटों में हराया और अगले दौर में जगह बनाई है। जोकोविच का यह 430वां ग्रैंडस्लैम मुकाबला था और वह फेडरर से आगे निकलने में सफल रहे



जिन्होंने अपने करियर में 429 ग्रैंडस्लैम मुकाबले खेले हैं। जोकोविच ने अपने करियर में 379 ग्रैंडस्लैम मैच जीत लिए हैं और उनका जीत का प्रतिशत 89.2 है जो सभी से बेहतर है। ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में जीत के साथ ही जोकोविच ने ग्रैंडस्लैम में अपने जीत हार का रिकॉर्ड 379-51 कर लिया है। जोकोविच के नाम सबसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीतने का रिकॉर्ड है। पुरुषों में वह इस मामले में राफेल नडाल (22) और फेडरर (20) से आगे हैं।

37 वर्षीय इस खिलाड़ी के नाम सबसे ज्यादा समय तक रैंकिंग में शीर्ष पर रहने का रिकॉर्ड है। उन्होंने अपने करियर में अबतक 37 ग्रैंडस्लैम फाइनल खेले हैं जो फेडरर के मुकाबले छह ज्यादा हैं। अगर जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने में सफल रहे तो यह उनका 25वां ग्रैंडस्लैम खिताब होगा। यह ऐसा आंकड़ा है जिसे अबतक कोई भी पुरुष या महिला टेनिस खिलाड़ी हासिल नहीं कर सका है।

जोकोविच का यह 11वां ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब हो सकता है। अगर वह ऐसा करने में सफल रहे तो सर्वाधिक बार ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने के मामले में मार्गेट कोर्ट की बराबरी कर लेंगे। इतना ही नहीं यह जोकोविच का 100वां टूर लेवल खिताब हो सकता है।

खो खो वर्ल्ड कपः

## भारतीय पुरुष टीम ने नॉकआउट की ओर बढ़ाए कदम, महिला टीम की दक्षिण कोरिया पर बड़ी जीत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पुरुष टीम ने अपने कौशल और रणनीति का शानदार नमूना पेश करते हुए ब्राजील को 64-34 से हराकर खो खो विश्व कप के नॉकआउट चरण में पहुंचने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। महिला टीम ने अपने शुरुआती मैच में दक्षिण कोरिया के खिलाफ पूरा दबदबा बनाते हुए 175-18 से शानदार जीत हासिल की। भारतीय पुरुष और महिला खो खो टीम ने विश्व कप में अपने-अपने मुकाबले जीते। पुरुष टीम ने अपने कौशल और रणनीति का शानदार नमूना पेश करते हुए ब्राजील को 64-34 से हराकर खो खो विश्व कप के नॉकआउट चरण में पहुंचने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। वहीं, महिला टीम ने अपने शुरुआती मैच में दक्षिण कोरिया के खिलाफ पूरा दबदबा बनाते हुए 175-18 से शानदार जीत हासिल की।

### ब्राजील के खिलाफ की वापसी

पुरुष टीम ने इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में दर्शकों के अपार समर्थन के बीच अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन किया। ब्राजील ने अपने आक्रमण में अच्छी शुरुआत की और 16 अंक अपने नाम किए, लेकिन भारत ने मजबूत वापसी की। भारत ने ड्रीम रन के दौरान दो अंक अर्जित किए।

# सड़क निर्माण के सभी कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा किया जाना सुनिश्चित करायें : कमिश्नर

**सतना-बेला तिराहे के सुधार कार्य के लिये मौके पर निरीक्षण के लिये बैठक से भेजा गया अधिकारियों को**

**कमिश्नर स्वयं सड़क निर्माण कार्यों का मौके पर करेंगे औचक निरीक्षण**




**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बी.एस. जामोद ने संभाग में विभिन्न निर्माण एजेंसियों द्वारा स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़क निर्माण के सभी कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा किया जाना सुनिश्चित करायें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता की लैब टेधस्टग भी करें।

कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर ने लोक निर्माण विभाग द्वारा संभागान्तर्गत जिलों में कराये जा रहे स?क निर्माण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विभागीय समन्वय से निर्माण में आ रहे व्यवधान को दूर करें। वन विभाग से जिन सड़कों के लिये अनापत्ति या अन्य औपचारिकता करानी होगी उसकी सूची दें ताकि वन विभाग के साथ बैठक कर उसका निराकरण कराया जा सके। कमिश्नर ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी स्वीकृत कार्य चालू हालत में रहें तथा कार्य न करने वाले व कार्य में धीमी प्रगति लाने वाली निर्माण एजेंसियों के विरूद्ध कार्यवाही भी प्रस्तावित करें। कमिश्नर ने कहा कि वह स्वयं भी स?क निर्माण कार्यों का मौके पर जाकर औचक निरीक्षण करेंगे। उन्होंने सतना-बेला तिराहे के सुधार कार्य शेष रहने पर राष्टीय राजमार्ग व एसएचएआई के अधिकारियों को बैठक से भेजकर निरीक्षण करने तथा कार्य को पूर्ण करने के लिये निर्देशित किया।

बैठक में कमिश्नर ने निपनिया तिराहा से तमरा होकर मुकुंदपुर तक पहुंचमार्ग एवं क्योंटी जनकहाई मार्ग पनियारी घाट निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने रीवा से सीधी मार्ग को चौड़ीकरण किये जाने तथा सीधी से सिंगरौली मार्ग की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। सतना मैहर वायपास के फोरलेन उन्नयन कार्य तथा ग्रामीण क्षेत्रों के सड़क निर्माण की विस्तार से समीक्षा की गई। कमिश्नर ने बेला-सिलपरा मार्ग की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि निर्मित सड़कों को राजस्व अभिलेखों व नक्शे में दर्ज कराने की कार्यवाही की जाय। बैठक में लोक निर्माण विभाग, नेशनल हाइवे, एनएचएआई, एमपीआरडीसी तथा मध्यप्रदेश ग्रामीण स?क विभाग अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों की कार्यवार समीक्षा की गई। इस दौरान संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग संजय खाण्डे सहित संबंधित विभागों के कार्यपालन यंत्री उपस्थित रहे।

# योग्य अभ्यर्थियों को समय पर मिले प्रवेश : उप मुख्यमंत्री

**नर्सिंग प्रवेश परीक्षा और विभागीय विषयों की समीक्षा की**



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में 12वीं में हिंदी विषय न प?ने वाले अभ्यर्थियों के चयन में आई विसंगतियों का संज्ञान लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि इंडियन नर्सिंग काउंसिल के मानकों के अनुरूप आवश्यक प्रावधान कर इस समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि योग्य अभ्यर्थियों को समय पर प्रवेश मिल सके। उन्होंने फार्मेसी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाने के लिए फार्मेसी काउंसिल के नियमों में आवश्यक सुधार करने के निर्देश भी दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में विभागीय विषयों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन आयोग और लोक सेवा आयोग के माध्यम से चल रही विभागीय भर्ती प्रक्रियाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कैबिनेट स्वीकृत पदों की भर्ती की कार्यवाही निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही कैबिनेट अनुमोदन के लिए मेडिकल कॉलेजों में पे-प्रोटेक्शन का प्रावधान, तीन नवीन जिला चिकित्सालयों में पदों की स्वीकृति के प्रस्ताव की औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण करने के लिये कहा। राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, प्रमुख सचिव श्री संदीप यादव, आयुक्त स्वास्थ्य श्री तरुण राठी, रजिस्ट्रार मध्यप्रदेश नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल श्री के.के. रावत सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले भर में जनकल्याण अभियान के लगाये जा रहे हैं शिविर

**जनकल्याण अभियान में 16 और 17 जनवरी को लगेंगे शिविर**

**रीवा।** पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भरवाकर उन्हें हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत 16 और 17 जनवरी को शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने बताया कि अनुभाग रायपुर कर्चुलियान में 16 जनवरी को ग्राम पंचायत सोंठा और कुइंयाखुर्द तथा 17 जनवरी को कुइंयाकला, पथरहा तथा मनिकवार नंबर दो में शिविर लगेंगे। अनुभाग हुजूर में 16 जनवरी को सुपिया तथा 17 जनवरी को शिवपुर्वा 601 और शिवपुर्वा 603 में शिविर लगेंगे। अनुभाग जवा में 16 जनवरी को लोहगड़ और दोंदर तथा 17 जनवरी बौसड़वा तथा बौसड़ में शिविर लगेंगे। अनुभाग मनगवां में 16 जनवरी को लौरीखुर्द और अगडाल तथा 17 जनवरी को गड़, मदरी और लोटनी में शिविर लगेंगे। इसी तरह अनुभाग त्योंथर में 16 जनवरी को अतरैला-1 दो और कोनीखुर्द तथा 17 जनवरी को अमावं और पड़री में शिविर लगाये जायेंगे। अनुभाग सिरमौर में 16 जनवरी को सिरमौर में जिवार और मझियार सेमरिया तथा 17 जनवरी को बड़ी हर्रई, पड़रिया तथा बुसौल में शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने आमजनता से इन शिविरों से लाभ उठाने की अपील की है।

# मनगवां विधानसभा क्षेत्र में नल जल योजना व जल जीवन मिशन के कार्यों की हुई समीक्षा



**रीवा।** मनगवां विधायक इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति एवं अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी की उपस्थिति में मनगवां विधानसभा क्षेत्र में नल जल योजना व जल जीवन मिशन अन्तर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में विधायक इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि घर-घर जल पहुंचाने का कार्य प्रधानमंत्री जी का प्राथमिकता का कार्य है इसमें मनगवां विधानसभा क्षेत्र के शामिल ग्रामों में कार्य शीघ्रता से गुणवत्ता पूर्ण करायें। उन्होंने टंकियों के निर्माण सहित पाइपलाइन डालने के कार्यों की समीक्षा की। घरेलू नल जल योजना के तहत जो बसाहटें छूट गई है उन्हें शामिल करते हुए पूर्ण योजनाओं को ग्राम पंचायतों के हस्तांतरित करने के निर्देश दिये गये। बैठक में विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत नईगढ़ी, गंगेव व सिरमौर विकासखण्ड में स्थापित हैण्डपंपों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि शासकीय हैण्डपंप में यदि अशासकीय व्यक्ति द्वारा मोटर डालकर चलाने की शिकायत हो तो कार्यवाही की जाय। बैठक में बताया गया कि हैण्डपंप निर्माण के लिये उपयोग में आने वाले वाहन में जीपीएस सिस्टम स्थापित किये गये हैं। जिसके माध्यम से मानीटरिंग की जाती है। विधायक ने कहा कि सुधार के लिये पर्याप्त मात्रा में सामग्री की उपलब्धता रहे। बैठक में कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय, महाप्रबंधक जल निगम चित्रांशु उपाध्याय सहित सहायक यंत्री व उपयंत्री उपस्थित रहे।

## नीम चौराहा में नगर निगम द्वारा आज लगाया जायेगा शिविर

**रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत रीवा नगर निगम क्षेत्र में जनकल्याण शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि 16 जनवरी को वार्ड क्रमांक 7 और 8 के लिए नीम चौराहा मंदिर परिसर में जनकल्याण शिविर लगाया जा रहा है। आमजनता से शिविर से लाभ उठाने की अपील की गई है।

## बैठक 17 जनवरी को

**रीवा।** माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खण्डपीठ इंदौर द्वारा पारित आदेश के अनुसार स्कूल बसों में सुरक्षा उपाय के संबंध में निर्देश दिये गये हैं। जिसके तारतम्य में कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में सभी स्कूल संचालकों तथा स्कूल वाहन संचालकों की बैठक 17 जनवरी को दोपहर 2 बजे से आयोजित की गयी है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनीष त्रिपाठी ने बैठक में संबंधितों से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## सफेद बाघ शावक को लाया गया मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी

रीवा



महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एण्ड जू मुकुंदपुर में एक सफेद बाघ शावक को लाया गया है। यह शावक पाँच महीने का है। इसे अभी जू के क्वारंटाइन बाड़े में रखा गया है। व्हाइट टाइगर सफारी में अभी तीन सफेद बाघ रघु, टीपू और सोनम हैं। नए सफेद बाघ के आने के बाद इनकी संख्या 4 हो गई है। सफेद बाघ शावक को गांधी प्राणी उद्यान ग्वालियर से लाया गया है। वहीं मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी से दो मादा सांभर गांधी प्राणी उद्यान ग्वालियर को दिए गए हैं। यह एक्सचेंज प्रोग्राम केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से मिली अनुमति के बाद किया गया है। एक्सचेंज प्रोग्राम का कार्य मुख्य वन संरक्षक राजेश राय, वन मण्डलाधिकारी सतना मयंक चांदीवाल के निर्देशन एवं संचालक सूरज सिंह सेन्द्राम के नेतृत्व में किया गया। वन्य प्राणी चिकित्सक नितिन गुप्ता, क्येरेटर रंजन सिंह परिहार, वनरक्षक लोके दुबे, अखिलेश मिश्रा एवं प्रकाश मिश्रा द्वारा ट्रान्लोकेशन का कार्य किया गया।

## पटवारी निलंबित

**रीवा।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व त्योंथर ने रेरूआ हल्का के पटवारी चन्द्रकांत खगार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी निलंबन आदेश के अनुसार बिना सूचना मुख्यालय छो?ने, बैठक में अनुपस्थित रहने, राजस्व महाभियान तथा फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में रूचि न लेने, मोबाइल बंद करने तथा निरंतर शिकायत प्राप्त होने पर पटवारी को निलंबित किया गया है। उन्हें निलंबन अवधि के दौरान जीवन निर्वाह भत्ता कार्यालय में उपस्थिति के अनुसार देय होगा।

# देवतालाब में रोजगार मेला 17 जनवरी को

**रोजगार मेले में 6 कंपनियों द्वारा किया जाएगा युवाओं का चयन**

**रीवा।** मऊगंज जिले के शासकीय महाविद्यालय देवतालाब में 17 जनवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया गया है। रोजगार मेला युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 6 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ते 8 हजार रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्राइवेट लिमि. पुणे, बोनटन टेक्नोमेक फर्नीचर प्रा. लि. (आईसेक्ट) इंदौर, ग्रोफास्ट एग्रिटेक प्रा. लि. जबलपुर, प्रगतिशील बायोटेक रीवा, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा तथा एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

## पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता बने भाजपा जिलाध्यक्ष

**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूर्व महापौर एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र गुप्ता को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इस आशय की जानकारी बृजेन्द्र प्रताप सिंह जिला चुनाव अधिकारी रीवा द्वारा अपने पत्र क्रमांक बीजेपी एमपी/ संगठन पर्व/ 2024 दिनांक 15-01-2025 द्वारा जारी पत्र में दी गई है। बताया गया है कि जिला अध्यक्ष के पद के दौड़ में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता सक्रिय थे लेकिन संगठन ने वीरेन्द्र गुप्ता को ही भाजपा का नया जिलाध्यक्ष बनाने का फैसला किया गया।

## कलेक्टर ने उपार्जन कार्य में लापरवाही बरतने वाले समिति प्रबंधकों व कम्प्यूटर आपरेटर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने धान उपार्जन कार्य में लापरवाही बरतने वाले समिति प्रबंधकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही उपार्जन पोर्टल में सही मात्रा में इन्ट्री न करने पर कम्प्यूटर आपरेटर्स को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

समिति प्रबंधक/केन्द्र प्रभारी सेवा सहकारी समिति सोहागी क्रमांक एक, जवा क्रमांक एक एवं दो, मझगवां क्रमांक एक, भमरा क्रमांक एक, बांस क्रमांक दो के समिति प्रबंधकों को धान का स्टाक कम होने, बारदानों की उपलब्धता न होने तथा धान की बोरियों में स्टेंसिल, छापा न लगे होने व किसान कोड अंकित न होने जैसी लापरवाहियाँ बरतने पर कारण बताओ नोटिस दिया गया है। इसी प्रकार कम्प्यूटर आपरेटर सेवा सकहारी समिति बांस क्रमांक दो सुनीता पटेल एवं समिति मझगवां क्रमांक एक के कम्प्यूटर आपरेटर दीपक कुमार तिवारी को भी कलेक्टर द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## नजूल भूमि निर्वतन समिति की बैठक संपन्न

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में नजूल भूमि निर्वतन समिति की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल एवं अपर आयुक्त श्रीमती नीतू माथुर भी उपस्थित रहे। बैठक में जल जीवन मिशन अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में बनाई जाने वाली टंकियों के निर्माण हेतु भूमि उपलब्धता की अनुमति प्रदान की गई। कमिश्नर ने कहा कि शासकीय अधोसंरचना निर्माण के लिये निजी भूमि से रास्ते के लिये भूमि हेतु सहमति करायें। इस दौरान संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# 12 वर्ष पूर्ण हुई स्कूल बसो का बंद कराया गया संचालन



**रीवा।** उच्च न्यायालय के आदेशानुशार जिन बसों का पंजियन 12 वर्ष पूर्ण हो चुका है उन बसों को स्कूल में नही लगाया जा सकता न ही स्कूल के बच्चों का परिवहन किया जा सकता।परिवहन विभाग रीवा ने माननीय न्यायालय के आदेश के परिपालन में आज शोषित पीड़ित कल्याण विकाश परिषद स्कूल रीवा में जाकर बसो की जांच की जिसमें वहा की दो बसो का पंजीयन 12 वर्ष का पूरा हो चुका था,जिसे परिवहन विभाग ने वहा के प्राचार्य श्री पांडेय जी से मिलकर स्कूल प्रबंधन को इस बात से अवगत कराया कुणाल इन बसो का संचालन नहीं कर सकते और उनसे स्वघोषित हलफनामा लिया गया और उन बसों को उन्ही की सुपुर्दगी में दिया गया।इसके अतिरिक्त गुढ़ में स्थित जेके पब्लिक स्कूल में भी बसों की जांच की गई।जहाँ पर दो बसे वहा पर भी 12 वर्ष से ऊपर की पायी गई। स्कूल संचालक से वहाँ भी स्वघोषित हलफनामा लिया गया और उन्हें बस न चलाने को निर्देशित किया गया। जिसमे बस का संचालन करते पाए जाने पर कानूनन कार्यवाही की जायेगी।आज की यह कार्यवाही आरटीओ रीवा के साथ परिवहन सुरक्षा स्क्वाड प्रभारी रवि मिश्रा के द्वारा की गई।सभी स्कूल संचालकों को यह सूचित किया जाता है की इसी संबंध में दिनांक 17/01/2025 को दोपहर दो बजे से मोहन सभागार में कलेक्टर महोदया रीवा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया जाना है।आज की जांच में स्कूल के अलावा अन्य वाहिनो की भी जांच की गई परिवहन विभाग द्वारा आज 16 वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 26500 रूपये का राजस्व वशूल किया गया।

## स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण कार्यक्रम 18 जनवरी को

**रीवा।** भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा स्वामित्व योजना का केन्द्र स्तरीय कार्यक्रम 18 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे से आयोजित किया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इस कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से स्वामित्व योजना के चयनित लाभर्थियों से संवाद करने के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से पट्टों का वितरण करेंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम टाउन हाल में आयोजित किया जाएगा। योजना के तहत जिले में पात्र हितग्राहियों को भूमि स्वामी अधिकार अभिलेखों का वितरण सांसद, विधायकगण तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा सहायक नोडल अधिकारी प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेखक श्रेयस गोखले को बनाया गया है।

# आयुष्मान भारत योजना के हितग्राहियों को सुगम तरीके से हितलाभ करें सुनिश्चितः शुक्ल

रीवा



उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि आयुष्मान भारत योजना के हितग्राहियों को सुगम तरीके से हितलाभ सुनिश्चित किया जाये। उन्हें अनावश्यक तकलीफों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करती है और यह एक वरदान है। इसके विधिवत् क्रियान्वयन के लिए सतत निगरानी रखें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने उप स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन और सशक्तीकरण कार्यों की समीक्षा की और समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। सीईओ आयुष्मान भारत योजना और संचालक (प्रोजेक्ट) स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग डॉ. योगेश भरसट ने उप मुख्यमंत्री को अद्यतन स्थिति से अवगत कराया।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में अब तक 4 करोड़ 20 लाख हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं और 38 लाख से अधिक उपचार सेवाओं से हितग्राही लाभान्वित हुए हैं। वहीं, 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड (वयवंदना कार्ड) की प्रगति में मध्यप्रदेश शीर्ष पर है। अब तक मध्यप्रदेश में 12,11,527 वयवंदना कार्ड वितरित किए गए हैं। उज्जैन जिले में 68,573, इंदौर में 65,505, बालाघाट में 50,405, राजग? में 44,560 और छिंदवाड़ा में 41,687 कार्ड वितरित किए गए हैं।

Government of Madhya Pradesh

MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

MSME | MPSeDC

# इन्वेस्ट मध्यप्रदेश

अनंत संभावनाएँ

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

24 25 फरवरी 2025, भोपाल



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

# रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव शहडोल

## अपार संभावनाओं की भूमि

**16 जनवरी, 2025 । पूर्वाह्न 11:00 बजे**

**यूनिवर्सिटी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, आर.जी.पी.वी., शहडोल**

शुभारंभ

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
द्वारा

### प्रमुख आकर्षण

- 4000+ प्रतिभागी
- मुख्यमंत्री के साथ वन-टू-वन मीटिंग
- 3 सेक्टर आधारित सत्र
- प्रदर्शनी

### फोकस सेक्टर

खनन एवं खनिज | ऊर्जा | कृषि एवं उद्यानिकी | पर्यटन एवं हस्तशिल्प



Website: invest.mp.gov.in

#RICShahdol

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

INDUSTRY PARTNER CII Confederation of Indian Industry

INDUSTRY PARTNER EY Shape the future with confidence

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11159/24

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833